जबलपुर
गुरुवार 12 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 21, अंक : 187
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 15

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद



19.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

देहरादून। उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष 19.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। कपाट बंद होने के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सेना के बैंड की धुनों के बीच अंतिम पूजा-अर्चना संपन्न हुई।





केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों के लिए खोला खजाना, खाद की कीमतों पर ब्रेक, उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी

किसानों को खाद पर 62,370 करोड़ की सब्सिडी डीएपी का 50 किलो बैग 1,350 रुपए में ही मिलेगा

- कैबिनेट ने रबी सीजन 2026-27 के लिए नई दरों को दी मंजूरी
- मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि भी पांच साल बढ़ाई
- 20 लाख रुपए तक के कर्ज पर मिलेगा गारंटी कवर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने किसानों और छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए बुधवार को दो अहम फैसले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रबी सीजन 2026-27 के लिए फास्फेट और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की नई दरों को मंजूरी दी गई। इसके तहत केंद्र सरकार किसानों को करीब 62,370 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी।


नरेंद्र मोदी

मुद्रा योजना में चार श्रेणियों में मिलता है कर्ज



- **शिशु:** 50 हजार रुपए तक।
- **किशोर:** 50 हजार से 5 लाख रुपए तक।
- **तरुण:** 5 लाख से 10 लाख रुपए तक।
- **तरुण प्लस:** 10 लाख से 20 लाख रुपए तक।

मुद्रा योजना की गारंटी निधि पांच साल बढ़ी

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिए जाने वाले कर्ज की ऋण गारंटी निधि को भी पांच साल बढ़ाकर 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए 5,000 करोड़ रुपए का कोष स्वीकृत किया गया है। इससे अगले पांच वर्षों में योजना के तहत 12.6 लाख करोड़ रुपए के ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। योजना के तहत राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) ऋण देने वाली संस्थाओं को कर्ज नहीं चुकाने की स्थिति में गारंटी कवर उपलब्ध कराती है।

सीएम ने जताया पीएम मोदी का आभार


डॉ. मोहन यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसान हितैषी फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

खबर संक्षेप

अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए दाम, दूध होगा महंगा

नई दिल्ली। महंगाई के बीच आम उपभोक्ताओं को अब दूध के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। अमूल और मदर डेयरी ने 12 नवंबर से दूध के दामों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। इससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कंपनियों के मुताबिक, पशु चारे, पैकेजिंग सामग्री, ईंधन और दूध खरीदी की लागत बढ़ने के कारण कीमतों में संशोधन किया गया है। इससे दूध उत्पादकों को बेहतर भुगतान करने में मदद मिलेगी।



मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश हुए धनखड़, एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह टहलते समय बेहोश होकर गिर पड़े और कुछ मिनट तक अचेत रहे। सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर लेकर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच और उपचार किया। स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया। 75 वर्षीय धनखड़ को अस्पताल के कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती कराया गया है।



मप्र के पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह का निधन

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे आदित्य विजय (एवी) सिंह का बुधवार को 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 1970 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी थे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मार्च 2002 से जनवरी 2004 तक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल में 2003 में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी।



स्वच्छता सर्वेक्षण में मप्र के 9 शहरों को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने दिल्ली में दिया राष्ट्रीय सम्मान

सर्वाधिक पुरस्कार पाने वाला राज्य बना मप्र छोटे-मध्यम शहरों ने बनाई राष्ट्रीय पहचान

- इंदौर एवं देपालपुर की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता में लगातार 9वीं बार राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले इंदौर ने मेंटर और देपालपुर ने मेंटी के रूप में कार्य किया


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मप्र ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष प्रदेश के 9 शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह देश के किसी भी राज्य के लिए सम्मानित होने वाले नगरीय निकायों की सर्वाधिक संख्या है। राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को किया सम्मानित


राष्ट्रपति मुर्मू मंत्री विजयवर्गीय और इंदौर महापौर भार्गव को पुरस्कार प्रदान करते हुए

इंदौर ने अपनी उत्कृष्टता कायम रखी

लगातार नौवें स्वच्छ सर्वेक्षण चक्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर इंदौर ने देश में स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता कायम रखी है। इंदौर ने 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' अभियान के माध्यम से वार्ड स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की तथा 29 प्रमुख बाजारों को 'जीरो वेस्ट मार्केट' के रूप में विकसित किया।

नवाचार और सतत प्रबंधन का नया मॉडल बना 'स्वच्छ शहर जोड़ी'

छोटे नगरीय निकायों के लिए क्षमता हस्तांतरण का अनुकरणीय उदाहरण

इंदौर नगर निगम की देखरेख में देपालपुर ने छोटे नगरीय निकायों के लिए क्षमता हस्तांतरण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। निकाय ने शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण, चार प्रकार के स्रोत पृथक्करण को धरातल पर उतारा और लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक उपचार कर बहुमूल्य भूमि को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त कराया।

प्रदेश के ये शहर भी सम्मानित हुए

- ग्वालियर (स्वच्छ सिटी अवार्ड): 5.50 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का निस्तारण। 1200 टीपीडी कचरा प्रसंस्करण, 350 टीपीडी सीबीजी और 100 टीपीडी सीएंडडी वेस्ट प्लांट पर काम जारी।
- जबलपुर (स्वच्छ शहर रैंक-2, 10 लाख से अधिक जनसंख्या वर्ग): 11.5 मेगावाट वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, 150 से अधिक बैकलेन का कायाकल्प और 491 जीपीएस वाहनों से रोज 550 टन कचरे का संग्रहण।
- उज्जैन (स्वच्छ शहर रैंक-1, 3 लाख से 10 लाख जनसंख्या वर्ग): 54 वार्डों में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण। फूलों से धूप-अगरबत्ती और पुराने कपड़ों से पेपर बैग निर्माण। सिंहस्थ-2028 के लिए जीरो वेस्ट मॉडल तैयार।
- देवास (स्वच्छ शहर रैंक-1, 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वर्ग): लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय सम्मान।


सीआरपीएफ के जवान

सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली

आतंकियों ने 15 सेकंड में दागीं 30 गोलियां, सीआरपीएफ के तीन जवान घायल

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के आखरन-नौपुरा, कुलगाम में बुधवार को एक आतंकी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवान घायल हो गए। हमले के बाद भागने में कामयाब रहे आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया है। वहीं आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में ताबड़तोड़ गोलीबारी होती दिख रही है। बताया जा रहा है कि 15 सेकेंड में 30 राउंड फायरिंग हुई है। आतंकी हमले के बाद जवानों ने भी कई राउंड फायरिंग की है।

मप्र के जवान सोमवीर सिंह भी घायल



आतंकी लतीफ बट के मॉड्यूल की साजिश

हमले के बाद आतंकी भागने में कामयाब रहे। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया है। हालांकि, किसी आतंकी संगठन ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

भोपाल पहुंचे उत्तराखंड के सीएम धामी

शिवराज सिंह की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


- स्व. पटवा के योगदान को भी याद किया

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई के निधन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर दिवंगत काशी बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

टॉयलेट के शीशे पर लिखा मैसेज

एयर इंडिया की फ्लाइट में हाईजैक की धमकी

एजेंसी ⏭ कोलकाता


- कोलकाता एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह एयर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट में हाईजैक की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। विमान के शौचालय के शीशे पर धमकी भरा संदेश लिखा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को अलर्ट किया।

भाजपा सांसद ने फिर दिखाया आईना

95% घरों में कोई न कोई नशे का आदी: जनार्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीधी


- पहले किसानों टिप्पणी की थी फिर माफी मांगी

रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने दावा किया है कि देश के 95 प्रतिशत घरों में कोई न कोई सदस्य नशे का सेवन करता है। उनके इस बयान से एक बार फिर विवाद छिड़ गया है। सांसद ने कहा कि यदि किसी परिवार में पिता नशा नहीं करता तो बेटा करता है और बेटा नहीं करता तो पिता नशे का सेवन करता है। इतना ही नहीं, कुछ जगहों पर बच्चियां भी नशे की गिरफ्त में हैं।

असम में ट्रेन हादसे से पहले का वीडियो आया सामने

लोको पायलट ने कहा- स्पीड कंट्रोल नहीं हो रही, ब्रेक सिस्टम भी काम नहीं कर रहा

इंजन के साथ ट्रेन के 5 कोच पटरी से डिरेल 50 यात्री घायल

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

गुवाहाटी के बाहरी इलाके डिगारू रेलवे स्टेशन के पास अचानक बुधवार को सुबह-सुबह कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के इंजन समेत 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के दौरान अधिकांश यात्री नींद में थे।


ट्रेन का इंजन


हादसे के बाद का दृश्य

कानपुर में चौरीचौरा एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतरे

कानपुर। कानपुर सेंट्रल स्टेशन से निकलते ही चौरीचौरा एक्सप्रेस (15003) के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 से अनवरगंज से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी।

बैरिकेड खुलने के बाद बिगड़ी व्यवस्था

दिल्ली से महाकाल मंदिर आए श्रद्धालुओं से मारपीट,उन्हीं के खिलाफ कराया मामला दर्ज

भाजपा पार्षद बोले गार्ड मंदिर की छवि खराब कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान मंगलवार तड़के दिल्ली से आए चार श्रद्धालुओं और मंदिर के सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। इसके बाद मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी ने उन्हीं चार श्रद्धालुओं के खिलाफ महाकाल थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।


फाइल फोटो

कंपनी का तर्क: कुछ लोग लाइन तोड़कर घुसे

कोर सिक्योरिटी कंपनी के एएसओ पवन शर्मा के अनुसार, भस्म आरती के दौरान चलित दर्शन की लाइन त्रिवेणी द्वार के अंदर लगाई गई थी। इसी बीच अन्नक्षेत्र के सामने फूल-प्रसाद विक्रेताओं ने बैरिकेड खोल दिया, जिससे व्यवस्था बिगड़ गई। बैरिकेड दोबारा बंद करने के दौरान कुछ श्रद्धालु निर्धारित लाइन तोड़कर अंदर पहुंच गए, जबकि उनके साथ आए कुछ लोग बाहर रह गए।

भाजपा ने भगवान राम के अपमान का आरोप लगाया इंडिया गठबंधन को बताया सनातन विरोधी

राम मंदिर पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद के विवादित बयान से विवाद

बोले- कभी दर्शन करने नहीं जाऊंगा, अग्निपरीक्षा के बाद भी माता सीता को बच्चों के साथ वनवास भेजा

भगवान राम ने माता सीता से अग्निपरीक्षा कराई और उसमें सफल होने के बावजूद उन्हें दो छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। फिर उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कैसे कहा जा सकता है?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कीर्ति आजाद के भगवान राम और अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। आजाद ने साफ कहा कि वह कभी राम मंदिर दर्शन करने नहीं जाएंगे। उन्होंने भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने पर सवाल उठाते हुए माता सीता के साथ उनके व्यवहार का मुद्दा उठाया।


कीर्ति आजाद



मां सीता को बताया आराध्य देवी

आजाद ने कहा कि वह मिथिला के रहने वाले हैं और माता सीता मिथिला की बेटी हैं। वह उन्हें अपनी मां मानते हैं और उनके सम्मान के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी आस्था मां काली में है। वह कामाख्या, कालीघाट और दिल्ली के काली मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या राम मंदिर नहीं जाने या भगवान राम की पूजा नहीं करने से कोई हिंदू नहीं रह जाता?

बाबर प्रेमियों को जनता सबक सिखाएगी: भंडारी


प्रदीप भंडारी

कीर्ति आजाद के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार किया।



स्वच्छ सर्वेक्षण की घोषणा, मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबाद शीर्ष पर

नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर बना, सूरत और विजयवाड़ा ने भी मारी बाजी, रुद्रपुर को मिला सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर का तमगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। इस बार मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबद शीर्ष पायदान पर रहा।

अब 10वें संस्करण में इसका दायरा बढ़कर 4,751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार शहरों की सफाई व्यवस्था का आकलन करते समय नागरिकों की राय को भी अधिक महत्व दिया गया। नदी किनारों, समुद्री तटों और दूसरे जल स्रोतों को भी सर्वेक्षण में व्यापक रूप से शामिल किया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार

सफाई और स्वच्छता के प्रयासों को मिला सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है।

शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया।स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है।

हिमालयी शहरों की श्रेणी में जम्मू और शोपियां आगे रहे

हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया। जम्मू दूसरे और जम्मू-कश्मीर का शोपियां तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत अहमदाबाद को पहला मेंटर शहर चुना गया, जबकि गुजरात के साणंद को उसका मेंटी शहर माना गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की प्रमुख श्रेणियों के विजेता

- राष्ट्रीय स्वच्छ शहरः नवी मुंबई, सूरत, विजयवाड़ा।
- स्वच्छ नदी तटीय शहरः रीवा, बिलासपुर, वाराणसी।
- स्वच्छ समुद्री तटीय शहरः पुरी, अलप्पुझा, रत्नागिरी।
- स्वच्छ हिमालयी शहरः रुद्रपुर, जम्मू, शोपियां।
- मेंटर शहरः अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर।

खबर संक्षेप

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

नोएडा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके 2बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। यूपीडा के वाहन को पलट दिया।सौरभ उपाध्याय साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे।



3 राज्यों में शुरू होंगी सांध्यकालीन अदालतें

नई दिल्ली। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और अदालती बोझ कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 3राज्यों दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में सांध्यकालीन अदालतें शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी दी है।सरकार इस साल के अंत तक दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में 'इवनिंग कोर्ट' शुरू करेगी।



ठाणे में भगवान बुद्ध और आंबेडकर की मूर्तियां चोरी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार तड़के अज्ञात लोगों ने बुद्ध विहार में घुसकर भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बीआर आंबेडकर की पीतल की मूर्तियां चोरी कर लीं। पुलिस ने बताया कि यह घटना कलवा इलाके के जय भीम नगर-2 स्थित त्रिरत्न बुद्ध विहार में हुई। मंगलवार शाम को नियमित प्रार्थना के बाद विहार को बंद कर दिया गया था।



पूर्व सांसद व सीबीआई अफसर भाजपा में गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। बुधवार को सपा को पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बड़ा झटका लगा। बस्ती से बीएसपी के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी और बांदा के रहने वाले पूर्व सीबीआई अधिकारी व सपा नेता अनिल यादव समेत कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत

आगरा। किले के सामने मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 2युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 16 वर्ष के नैतिक पुत्र भोला सिंह निवासी सुल्तानपुरा कैंट और विशाल पुत्र मनोज निवासी मंटोला के रूप में हुई है। बाइक सवार तीसरा साथी प्रेम पुत्र धर्म निवासी मंटोला गंभीर घायल हो गया।



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

8.449 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा, 5 एलिवेटेड स्टेशन भी होंगे, यात्रा होगी सुगम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कॉरिडोर के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 71.878 किलोमीटर हो जाएगी।इस परियोजना से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। इससे शहर के उन इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सीधी कनेक्टिविटी सीमित है। इसके अलावा, नोएडा सेक्टर-61 में ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी का होगा विस्तार



जाम से मिलेगी मुक्ति

इस विस्तार से क्लियो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसाइटियों के निवासियों को भी मेट्रो सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे रोजगार, कारोबार, शिक्षा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन करने वाले लोगों का सफर आसान होने की उम्मीद है।परियोजना से सड़कों पर वाहनों का दबाव और यातायात जाम कम करने में मदद मिलेगी।

प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को मिलेगा लाभ

कॉरिडोर से कई प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों, आईटी एवं औद्योगिक कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इनमें गौर सिटी मॉल, एचएंडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 का व्यावसायिक क्षेत्र, नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए और सेक्टर-73 का एंथुरियम मॉल शामिल हैं। नोएडा सेक्टर-60 स्थित टेक महिंद्रा और टीसीएल टेक के कार्यालय, सेक्टर-73 स्थित ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड तथा गोल्डन आई कार्यालय एवं व्यावसायिक परिसर को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। शैक्षणिक संस्थानों में दिल्ली पब्लिक स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं में कैलाश अस्पताल, सेक्टर-70 का रामा अस्पताल, सेक्टर-51 का क्लाउडनाइन अस्पताल तथा सेक्टर-62 का रामा अस्पताल शामिल हैं।

'युगे युगीन संग्रहालय

दिल्ली के नॉर्थ-साउथ ब्लॉक में बनेगा 3,230 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने दिल्ली के ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' विकसित करने की मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए 3,230 करोड़ की अनुमानित लागत को स्वीकृति दी गई।यह संग्रहालय भारत की सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक निरंतरता को प्रदर्शित करेगा। इसे नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों के मौजूदा स्वरूप का संरक्षण करते हुए विकसित किया जाएगा।

दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना

संग्रहालय लगभग 1,78,509 वर्ग मीटर के प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र में विकसित होगा। इसमें आधुनिक संग्रहालय तकनीक, इमर्सिव अनुभव और सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना है। इसमें भारत की सभ्यतागत यात्रा को अलग-अलग विषयों पर आधारित गैलरी, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

2031 तक जारी रखा जाएगा, 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष स्वीकृत

स्टैंड-अप इंडिया योजना

स्टैंड-अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। इसका उद्देश्य महिलाओके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना है। अगले 5वर्षों में कम से कम 2.5 लाख नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है।सरकार ने योजना के लिए 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष को भी मंजूरी दी है। अप्रैल 2016 में शुरू हुई इस योजना के माध्यम से अब तक 2.75 लाख से अधिक महिला, एससी और एसटी उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिली।

एक करोड़ तक मिल सकेगा ऋण

योजना के तहत महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमी ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण ले सकेंगे। इसके अंतर्गत 10 लाख से अधिक और एक करोड़ तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण टर्म लोन या वर्किंग कैपिटल और टर्म लोन के संयुक्त रूप में दिया जा सकता है। राशि परियोजना लागत के 85 प्रतिशत तक हो सकती है।

ऋण पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज

योजना के तहत ऋण राशि पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा। इसके लिए मानक गारंटी शुल्क 0.50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला और वंचित समुदायों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

ईडी के कोलकाता ऑफिस की कार्रवाई

प्लाट-होटल, 2 पर्यटक जहाज और 3 बैंक खाते जब्त किए

21 मुखौटा कंपनियों को 301.50 करोड़ का लोन



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल ऑफिस-2 ने गत सप्ताह एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर (पीएओ) जारी किया है। इसके जरिए अंडमान और निकोबार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक धोखाधड़ी मामले में लगभग 121.35 करोड़ की 35 अचल संपत्तियों और 05 चल संपत्तियों को जब्त किया गया है। जब्त की गई संपत्तियों में जमीन के टुकड़े, एक होटल, दो सेमी-सबमरीन टूरिस्ट वेसल (पर्यटक जहाज) और 3 बैंक खातों में जमा राशि शामिल है।ईडी ने यह जांच अंडमान और निकोबार पुलिस के 'क्राइम एंड इकोनॉमिक ऑफेंस' पुलिस स्टेशन में पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। पूर्व सांसद और एएनएससीबीएल के तत्कालीन उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने बैंक अधिकारियों और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर, बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करते हुए 'शेल कंपनियों' (फर्जी कंपनियों) के जरिए भारी-भरकम लोन मंजूर कराए।

आरोपियों ने 23 अवैध शेल कंपनियां बनाई

आरोपियों ने 23 ऐसी शेल कंपनियां बनाईं, जिनका कोई वास्तविक कारोबार नहीं था। इन कंपनियों में उन्होंने अपने सहयोगियों और अन्य लोगों को 'डमी डायरेक्टर' (नाममात्र के निदेशक) के तौर पर रखा। इनमें से 21 कंपनियों को लगभग 301.50 करोड़ रुपये का लोन मंजूर किया गया, जिसमें से 18 कंपनियों का लगभग 271 करोड़ का लोन अब एनपीए (फंसा हुआ कर्ज) बन चुका है। लोन की इस रकम को नकद निकाल लिया गया या कई अलग-अलग खातों के जरिए इधर-उधर घुमाया गया।

राशि का दुरुपयोग किया, अवैध लोन भी दिए

इस पैसे का इस्तेमाल कुलदीप राय शर्मा के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर जमीन और अन्य संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया। इन 23 शेल कंपनियों के अलावा, कई अन्य कंपनियों को भी अवैध तरीके से भारी लोन दिए गए, जिनमें कुलदीप राय शर्मा के परिवार के सदस्यों की कंपनियां भी शामिल थीं। इन लोन की रकम को भी हड़प लिया गया और वापस नहीं चुकाया गया। इस मामले में सामने आई कुल 'अपराध से प्राप्त रकम' 500 करोड़ से अधिक है।

लद्दाख के सीईओ का आदेश

चुनाव से पहले लेह, कारगिल में धरने-प्रदर्शनों पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान लेह और कारगिल की नगरपालिका सीमाओं के भीतर राजनीतिक धरने, विरोध-प्रदर्शन, रैलियों और ऐसी अन्य सामूहिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। बुधवार को आधिकारिक जानकारी दी गई। लद्दाख में पंचायत और नगर निकाय चुनाव 11 नवंबर को होने हैं, जबकि 8 लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों के चुनाव 4दिसंबर को निर्धारित हैं। सीईओ राहुल शर्मा ने कहा कि 23 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी है। जम्मू-कश्मीर नगर निकाय और नगर निकाय चुनाव के तहत आदेश में ऐसी गतिविधियों पर रोक रहेगी, जिनसे मतदाताओं के डरने, सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी माहौल खराब होने की आशंका हो।



उपराष्ट्रपति कॉलेज के प्लैटिनम जुबली में बोले

छात्र प्रौद्योगिकी अपनाएं, ज्ञानार्जन करें और नशीले पदार्थों से दूर रहें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता सेनानी वीओ चिदंबरम पिल्लई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संस्थान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक द्वार का उद्घाटन किया। वे अपनी पुरानी कक्षा में भी गए और 1975–78 बैच के अपने सहपाठियों से बातचीत में कॉलेज के दिनों को आत्मीयता से स्मरण किया। राधाकृष्णन ने स्मरण किया कॉलेज, शिक्षकों और शिक्षयतों ने उनके नजरिये को आकार देकर उन्हें बड़े दायित्वों के लिए तैयार किया। छात्र विरासत सहेजते हुए नई प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक अनुसंधान और उभरते विषयों को अपनाएं जिससे समाज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। उन्होंने युवाओं से आत्म-अनुशासन विकसित करने, नशीले पदार्थों और अन्य हानि पहुंचाने वाली आदतों से दूर रहने का आह्वान किया।



हरिद्वार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा

अमरापुर जटवाड़ा घाट पर लगाने का प्रस्ताव

हरिद्वार अर्धकुंभ से पहले गंगा नदी में लगाया जाएगा 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर'

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हरिद्वार में अगले साल होने वाले अर्धकुंभ से पहले गंगा नदी में 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर' लगाया जाएगा, ताकि ठोस कचरे से नदी को प्रदूषित होने से रोका जा सके। हरिद्वार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि दशहरा से दीवाली तक 18 दिन में ऊपरी गंग नहर को मरम्मत और रखरखाव बंद किए जाने के दौरान उससे 100 मीट्रिक टन से अधिक कचरा निकाला गया। यह तकनीक जलविद्युत परियोजनाओं में इस्तेमाल की जा रही है।



नगर निगम ने निविदा जारी की

हरिद्वार नगर निगम के आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि इंटरसेप्टर लगाने के लिए निविदा जारी की गई है और उम्मीद है कि 2027 के अर्धकुंभ से पहले काम शुरू हो जाएगा। ट्रैश बूम इंटरसेप्टर एक तैरता हुआ अवरोधक है, जो नदी में फेंके गए कचरे, जैसे फूल, कपड़े, प्लास्टिक और अन्य ठोस चीजों को रोक लेता है। इस तकनीक में नहर या नदी के आर-पार एक बूम बैरियर लगा दिया जाता है, जो कचरे को एक किनारे की तरफ धकेल देता है। जब कचरा किनारे पर इकट्ठा हो जाता है, तो उसे कन्वेयर बेल्ट पर डाल दिया जाता है। प्रशासन ने नदी की स्वच्छता और पवित्रता रखने की अपील की है।

सोनिया गांधी के संस्मरण पर भाजपा ने किया तीखा हमला

प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर बन गईं 'सुपर पीएम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नए संस्मरण को लेकर भाजपा ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के उनके फैसले को त्याग बताने के दावे पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि सोनियाने प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर 'सुपर पीएम' बनने का रास्ता चुना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद नहीं संभाला, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनकर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल किया। पार्टी ने आपातकाल और राजीव गांधी से जुड़े दावों को भी चुनौती दी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोनिया के संस्मरण 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिक्रिया दी।

भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कसा तंज और फैसले को 'सुपर त्याग' बताया



'सुपर पीएम' का उदाहरण दुनिया में नहीं

सुधांशु ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट रैंक वाला पद लेना किस तरह का त्याग था। त्रिवेदी ने यह भी कहा कि दुनिया में ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल करे। भाजपा ने इसी आधार पर सोनिया के फैसले पर सवाल उठाए।

सोनिया के दावे पर हजारे भी बिफरे

इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं, देश के बारे में



वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मेरे लिए सिर्फ समाज और देश मायने रखते हैं। इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं है। देश के बारे में सोचिए।

किताब में नीतीश के चित्रण से जद(यू) नाराज

लोगों को गुमराह करने के लिए इसे पेश किया



जनता दल (यूनाइटेड) ने पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चित्रण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किताब में घटनाक्रम को लोगों को गुमराह करने की खास रणनीति के तहत पेश किया है।

एनयूएसआई नेता अनस पर छात्रा का आरोप

ज्ञानेश के खिलाफ प्रोटेस्ट के बदले 500 रुपए ऑफर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने एनएसयूआई नेता अनस खान को लेकर बड़ा दावा किया है। छात्रा का आरोप है कि अनस ने राहुल गांधी के मार्च में शामिल होने कॉलेज के छात्रों को 200 से 500 रुपए देने का ऑफर दिया था। यह मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ था। छात्रों को मुफ्त खाना, आने-जाने की सुविधा और दूसरी चीजें देने की भी बात कही गई थी।



100 छात्रों को मार्च में शामिल करने का दावा

छात्रा के अनुसार अनस कॉलेज के करीब 100 छात्रों को इस मार्च में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए कॉलेज के एक ग्रुप में मैसेज भेजा गया था। इसमें करीब 1000 छात्र जुड़े हुए हैं। छात्रा का दावा है नए छात्रों को भी इस ग्रुप में जोड़ा जाता है। छात्रों को मुफ्त खाना, सफर और रिफ्रेशमेंट देने की बात कही गई थी। कुछ छात्रों को फ्री रैपिडो राइड और जोमैटो ऑफर देने का भी दावा किया गया है।



मंत्री जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय इटली दौरे पर

नई दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएम कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय



आधिकारिक दौरे पर इटली के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य यूरोप के साथ भारत के वैज्ञानिक जुड़ाव को मजबूत करना तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को आगे बढ़ाना है। इस यात्रा के दौरान उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकें की जाएंगी।, रोम में दूसरा भारत-इटली विज्ञान एवं नवाचार संवाद 2026 तथा ट्रिएस्टे के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों के साथ संवाद आयोजित किए जाएंगे।

डिप्टी पीएम डार के पोते पर दुष्कर्म का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में उपपीएम और विदेश मंत्री इशाक



डार के पोते रजा डार समेत आठ लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लाहौर की एक अदालत ने दो विदेशी महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म और उन्हें बंधक बनाने के मामले में सभी आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस पहले इशाक डार के पोते और उसके चार दोस्तों को क्लीन चिट दे चुकी थी। पुलिस ने इसके बजाए तीन अन्य कर्मचारियों को आरोपी बनाया था।

चीनी सामानों पर टैरिफ छूट दो महीने और बढ़ी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों की 178 श्रेणियों पर अतिरिक्त शुल्क से



मिली छूट को 9 जनवरी, 2027 तक बढ़ा दिया है, क्योंकि यूएस और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत जारी है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने 'फेडरल रजिस्टर' में एक नोटिस जारी करके छूट की अवधि को दो महीने और बढ़ाने की घोषणा की। इससे 9 नवंबर के बाद ये छूट खत्म नहीं होंगी। इस फैसले से अमेरिकी आयातकों को कुछ खास चीनी उत्पादों को बिना अतिरिक्त शुल्क चुकाए मंगाना जारी रखने की अनुमति मिल गई है।

अमेरिका का दावा, न्यूयॉर्क की जेल से ब्रिटिश एयरबेस पर रची थी हमले की साजिश

3 आतंकियों के खिलाफ आरोप तय, ईरानी सेना और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से रहे हैं संबंध

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिकी प्राधिकारियों ने यूरोप एवं अमेरिका में यहूदी समुदायों और ब्रिटेन के सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर करीब 20 आतंकवादी हमले करने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मैनहट्टन की संघीय अदालत में सार्वजनिक किए गए अभियोग पत्र में ईरान और इराक की दोहरी नागरिकता रखने वाले मोहम्मद बाकिर साद दाऊद अल-सादी, ईरानी नागरिक मोहसिन मोहाजेरी और इराकी नागरिक मोहम्मद अली अल-हसानी के खिलाफ आरोपों का विवरण दिया गया है। दावा है कि तीनों के ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और इराक के संगठन कताइब हिजबुल्लाह से संबंध थे।

आरोपी सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए



मोहम्मद बाकेर अल-सादी (बाएं) ईरान के सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी

एयरबेस के पास मिली थीं 3 संदिग्ध गाड़ियां

न्यूयॉर्क में अमेरिकी अटॉर्नी जेमी मैकडोनाल्ड ने एक बयान में कहा कि मई में गिरफ्तार किए जाने के बावजूद अल-सादी सितंबर में ब्रिटेन के फेयरफोर्ड स्थित रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) अड्डे पर आतंकवादी हमले की कोशिश से पहले तक अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचता रहा। इस सैन्य अड्डे पर अमेरिकी बमवर्षक विमान और सैनिक तैनात थे। न्यूयॉर्क में आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद अल-सादी ने ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर हमले की योजना बना रहे ईरानी एजेंटों तक गुप्त संदेश पहुंचाए थे। अभियोजकों के अनुसार, अल-सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से फोन तथा वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए और उन्हें हवाई अड्डे पर बम हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। 27 सितंबर को एयरफोर्स के फेयरफोर्ड एयरबेस के पास तीन संदिग्ध वैन मिली थीं।

हत्या की साजिश से बेसेंट ने छोड़ा घर

ईरान से जान का खतरा होने के बाद अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने वॉशिंगटन डीसी के पास स्थित अपना घर छोड़ दिया है। वह अब एक सैन्य अड्डे पर रह रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के हफ्तों में निष्कर्ष निकाला कि मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के खिलाफ ईरान की साजिशें पहले से ज्यादा गंभीर स्तर पर पहुंच गई हैं। यह आकलन कुछ हद तक बेसेंट को मिली धमकियों से जुड़ी खुफिया जानकारी पर आधारित है।



अगस्त से बेसेंट ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए अमेरिकी अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

पाक ने अमेरिकी विमान को नहीं उतरने दिया

पाकिस्तान ने मंगलवार को अमेरिका के एक डिपोर्टेशन विमान को अपने यहां उतरने की इजाजत नहीं दी। इस विमान में कम से कम 9 ईरानी नागरिक सवार थे, जिन्हें पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा जाना था। पाकिस्तान के अचानक इनकार के बाद विमान को बीच रास्ते से ही अमेरिका लौटना पड़ा। मंगलवार दोपहर तक सभी ईरानी नागरिकों को विमान से उतारकर एरिजोना के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में वापस भेज दिया गया।

ईरान ने परमाणु गतिविधियां शुरू की तो करेंगे कार्रवाई



अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान अपने क्षतिग्रस्त परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां शुरू करता है तो ट्रंप प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका ईरान पर नजर रखना बंद कर देगा। हेगसेथ ने कहा कि हम उन परमाणु ठिकानों पर निगरानी और नजर बनाए रखने में सक्षम हैं।

ईरान में महिलाओं के लिए वार ट्रेनिंग कैंप खुला



अमेरिकी हमलों की आशंका के बीच ईरान ने अपना पहला पूर्ण महिला सैन्य प्रशिक्षण शिविर खोल दिया है। ईरान के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की इच्छुक महिलाएं तेहरान के आजादी स्क्वायर पर सैन्य अभ्यास में जुटी हुई हैं। अमेरिका के साथ तनाव के बीच, ईरान ने तेहरान में महिला आर्मी तैयार कर ली है।

ईरान ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी दिखाई



ईरान की आईआरजीसी ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए। इसके उद्घाटन में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही और आईआरजीसी के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल माजिद मौसवी शामिल हुए थे।

ड्रग पॉलिसी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक

सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी रोकने भारत-यूएस ने बढ़ाया 'सहयोग'



भारत-अमेरिका के बीच हुई बैठक

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पता लगाने और सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों को अवैध आपूर्ति श्रृंखलाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण नीति कार्यालय (ओएनडीसीपी) के अनुसार, 2 और 3 नवंबर को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका ड्रग पॉलिसी एग्जीक्यूटिव वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हुई। इसमें खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, समन्वित कानून प्रवर्तन अभियानों और दवा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने तस्करी के उभरते खतरों और मादक पदार्थों की मांग कम करने के उपायों पर भी चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने किया, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई ओएनडीसीपी की कार्यवाहक उप निदेशक डेबी सेगुइन ने की।

सप्लाई नेटवर्क को करेंगे ध्वस्त

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देश सहयोग के वादों से आगे बढ़कर व्यावहारिक कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रासायनिक पदार्थों की आपूर्ति रोकने, वाणिज्यिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और इनका दुरुपयोग करने वाले तस्करी गिरोहों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अनुराग गर्ग ने भारत के 'विजन रोडमैप 2026-2029' की जानकारी दी। इसमें केवल मादक पदार्थों की खेप पकड़ने के बजाए पूरे आपराधिक नेटवर्क की जांच पर जोर दिया गया है। इसके तहत गिरोहों के वित्तपोषकों, आपूर्तिकर्ताओं, मददगारों और परिवहन नेटवर्क को निशाना बनाने के साथ वित्तीय जांच, नशा रोकथाम और पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाएगा। बैठक में भारत की दो प्रवर्तन पहलों 'ऑपरेशन मेडमैक्स' और 'ऑपरेशन वाइप' पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों को वैध कारोबार से अवैध गतिविधियों में जाने से रोकने के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता पर भी विचार किया गया।

'ऑपरेशन मेडमैक्स' की दी जानकारी

जुलाई 2025 में चलाए गए 'ऑपरेशन मेडमैक्स' में एनसीबी और अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) की संयुक्त खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया गया था। इस अभियान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रित दवाओं की बिक्री करने वाले एक गिरोह का पता चला। एनसीबी के अनुसार, यह नेटवर्क एशिया, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय था। जांच की शुरुआत भारत में 3.7 किलो ट्रामाडोल टैबलेट की जब्ती से हुई थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक, गिरोह ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान और अंतरराष्ट्रीय बिचौलियों के माध्यम से वैध दस्तावेजों के बिना दवाओं का वितरण कर रहा था।

भारत-कनाडा के बीच सीईपीए पर चर्चा तेज

आर्थिक साझेदारी होगी मजबूत बाजार तक बढ़ेगी सबकी पहुंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने, बाजार तक पहुंच बढ़ाने और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू



मनिंदर सिद्धू और पीयूष गोयल

और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ नाश्ते पर बैठक की। इस दौरान भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को तेज करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

भारतीय सांस्कृतिक विरासत की घर वापसी

तीन प्राचीन कलाकृतियां और मूर्तियां ऑस्ट्रेलिया ने सौंपी

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

नेशनल गैलरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्राचीन भारतीय कलाकृतियां कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग को सौंप दी हैं। यह हस्तांतरण जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक लीडर्स समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के बीच हुए वादे के तहत किया गया है। इन कलाकृतियों में देवी भद्रकाली के कांसे का त्रिशूल, नंदी की ग्रेनाइट प्रतिमा और छह सिर वाले कार्तिकेय की बेसाल्ट पत्थर मूर्ति शामिल है। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को



कैनबरा में सौंपी गई कलाकृतियां

वापस लाने के जो प्रयास कर रहा है, उसमें यह एक बड़ा कदम है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' में कहा कि जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक 'लीडर्स समिट' के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीज के बीच प्राचीन कलाकृतियों को लौटाने पर सहमति बनी थी।

रोजगार के अवसर सृजित होंगे

आईएनएस बेतवा पोत की बढ़ेगी ताकत

मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए रक्षा मंत्रालय ने किया 500 करोड़ का करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस बेतवा की सामान्य मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 498.58 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध पर 11 नवंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के तहत भारतीय नौसेना के ब्रह्मपुत्र श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस बेतवा की प्रणोदन प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जाएगा।



रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में एमओयू

'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिलेगी गति

इस परियोजना में 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी होने की उम्मीद है। साथ ही, भारतीय जहाज निर्माण उद्योग और उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।

भाप की जगह लगेगा डीजल इंजन

इसके अंतर्गत पोत की मौजूदा भाप आधारित प्रणोदन प्रणाली को डीजल इंजन आधारित प्रणोदन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य में आधुनिक हथियार प्रणाली की स्थापना के माध्यम से पोत की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाना भी शामिल होगा, जिससे इसकी परिचालन क्षमता और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी।

फारस की खाड़ी में जहाज पर हमला

1 भारतीय समेत 4 क्रू मेंबर घायल, 18 लोग थे सवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को फारस की खाड़ी से गुजरते समय 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर किसी प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के 4 सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। सोनोवाल ने बताया कि 'एमटी फुजैराह एनर्जी' नाम का यह जहाज



सर्बानंद सोनोवाल

अल रुवाइस से दुबई जा रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 10 नवंबर को, 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहा लाइबेरिया के झंडे वाला वीएलसीसी 'एमटी फुजैराह एनर्जी', अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में एक हमले का शिकार हो गया। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है।

कोलंबो में बिम्सटेक स्वास्थ्य मंत्रियों की पहली बैठक में केंद्रीय मंत्री नड्डा की अपील

भारत ने स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव साझा करने की प्रतिबद्धता जताई

स्वास्थ्य सुरक्षा और महामारी से बचाव के लिए आपसी क्षेत्रीय सहयोग जरूरी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बिम्सटेक देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की पहली बैठक को संबोधित किया। उन्होंने आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और डिजिटल सेवाओं के जरिए सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भारत की प्रगति का उल्लेख किया। नड्डा ने स्वास्थ्य सुरक्षा, महामारी से बचाव, 'वन हेल्थ' और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने बिम्सटेक देशों के साथ भारत का अनुभव साझा करने की प्रतिबद्धता भी जताई।

- केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की प्रगति का उल्लेख किया



बिम्सटेक देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ जेपी नड्डा

बिम्सटेक में भारत सहित 7 देश शामिल

6 जून 1997 में स्थापित बिम्सटेक में भारत सहित 7 देश शामिल हैं। इनमें दक्षिण एशिया के 5 देश भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशिया के 2 देश म्यांमार और थाईलैंड शामिल हैं। बिम्सटेक का मुख्यालय बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित है। बिम्सटेक का उद्देश्य दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। 10 नवंबर को कोलंबो में हुई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं, कैंसर के इलाज, रोगों की निगरानी और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई।

गुजरात के जामनगर में स्थापित हो रहे बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र की दी जानकारी

जेपी नड्डा ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की भारत की योजना का भी उल्लेख किया। इससे संयुक्त शोध, प्रशिक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विजन के अनुरूप भारत बिम्सटेक क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चिंतन

आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता जरूरी



आर्थिकी
प्रमोद भार्गव

कश्मीर घाटी में आतंकवाद एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इसका चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमा पार से घुसपैठ कर हमला नहीं करता, बल्कि देश के भीतर स्लीपर सेल भी तैयार करता है, स्थानीय मददगारों के जरिये साजिशों को अंजाम देता है और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षा तंत्र को चुनौती देता है। साइबर नेटवर्क, एआई और मानवरहित हथियारों ने आतंकवाद के खतरे को और जटिल बना दिया है। सवाल है कि जब आतंक के तौर-तरीके इतने बदल रहे हैं तो हमारी सुरक्षा रणनीति कितनी बदली है? कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमला और एलओसी पर पाकिस्तान की एंटी-ड्रोन तैनाती इसी बदलती चुनौती के संकेत हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही की घटना में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर बाइक सवार हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी इस बात का संकेत है कि आतंकियों के मंसूबे अभी कमजोर नहीं पड़े हैं। महज 15 सेकेंड में करीब 30 राउंड फायरिंग कर तीन जवानों को घायल करने के बाद हमलावरों का फरार हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार अपनी सैन्य तैयारियों को नए सिरे से धार देने में जुटा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने एलओसी के सामने 50 से अधिक विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। नवंबर में ही 20 नई यूनिट शामिल किए जाने की सूचना है। इनका उद्देश्य भारतीय ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की निगरानी करना तथा उन्हें निष्क्रिय करना है। पाकिस्तान की इस तैयारी को केवल रक्षात्मक कदम मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुलगाम की घटना और एलओसी के पार पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों को अलग-अलग घटनाक्रम मानकर देखने के बजाय व्यापक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2024 से अब तक 548 आतंकी घटनाएं होना और इनमें 45 जवानों का शहीद होना बताता है कि चुनौती कितनी गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इस दौरान 138 आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन आतंकवाद का नेटवर्क केवल आतंकियों को खत्म करने से समाप्त नहीं होता। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी सैन्य रणनीति में ड्रोन युद्ध को प्राथमिकता दी है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर की रणनीति में ड्रोन को रक्षा और हमले, दोनों की पहली पंक्ति का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसके लिए चीन और तुर्किये से आधुनिक तकनीक हासिल करने के साथ एआई और निगरानी प्रणालियों पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे हालात में भारत को अपनी सुरक्षा रणनीति भी लगातार आधुनिक बनानी होगी। सीमा पर चौकसी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, आधुनिक निगरानी उपकरण और खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। साथ ही, कुलगाम जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों का मनोबल और आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखना होगा। पाकिस्तान की बदलती सैन्य रणनीति और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किसी भी स्तर पर आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ केवल जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी चौकस और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, जो दुश्मन के मंसूबों को हमला होने से पहले ही नाकाम कर दे। यही जवानों की सुरक्षा और देश की संप्रभुता की सबसे बड़ी गारंटी है।

दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502 .31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुत : कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अतत : यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवाओं की कीमतें घटाने का यह फैसला स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत गठित की गई विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर 2026 को आई सिफारिश के बाद लिया है। डीजीएचएस के बयान के अनुसार अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1225 सूत्रीकरण (फॉर्मूलेशन) के लिए नए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जमा किए हैं। 1225 में से 1031 फॉर्मूलेशन की कीमतों में भारी कटौती की गई है। करीब 600 ब्रांड की दवाओं की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। सबसे ज्यादा कटौती 96.45 प्रतिशत की गई है। वस्तुतः अब कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई असरकारी दवाओं की कीमतों में भारी कमी स्पष्ट दिख रही है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की स्तन कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली कैप्सूल 'पैल्बोप्रो' (पैल्बोसिक्लिब 125 मिलीग्राम) की कीमत 40,421.33 रुपये से घटकर मात्र 2720 रुपये रह गई है। इसी तरह अरविंकेयर फार्मा की प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एबीरोन (एबिराटेरॉन एसीटेट 250 मिलीग्राम) का मूल्य 41,250 रुपये से घटकर 3218.23 रुपये निर्धारित कर दिया है। यह भारी अंतर सभी दवाओं पर दिखाई दे रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया था। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा था। 2700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर इसे न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो 'दिन-दहाड़े' डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक-संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया था। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया था। कि आखिर 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है? 'यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है। 137 दवाओं की दरें निर्धारित हो जाने से साफ हो गया है कि बड़ा घालमेल दवा उद्योग में चल रहा है। इस घालमेल पर अंकुश लगाने की दृष्टि से ही न्यायालय द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा



कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों, तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की हुई है। समिति को कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा का दायित्व दिया गया था। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा शामिल है। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की भी एक याचिका लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर फॉर्मूलेशन और नियमन के लिए दिशा-निर्देश भी तय कर दिए जाएं ताकि मौजूदा व्यवस्था में जो बड़ी असामानता है, वह दूर हो सके? इसके अंतर्गत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रविधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट अभी आनी है। सस्ती हुई 137 दवाओं में जो अंतर देखने में आया है, उससे साफ है कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर धन कमाने की हवस के चलते बाहर की जा रही हैं। सस्ती हुई दवाओं के अंतर ने तय कर दिया है कि दवा महंगी होने का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। नियमों के मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालय उद्योग रोगी पैदा करने और रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे रोगी की सेवा के बनिस्वत दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। अतएव ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से ? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व निमोनिया दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं, रहें अलर्ट

विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवम्बर को लोगों को निमोनिया जैसी गंभीर सांस संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों को पहचानने, समय पर इलाज कराने और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। इस साल, 2026 में, विश्व निमोनिया दिवस की थीम निमोनिया नियंत्रण का एक नया युग रखी गई है। यह थीम निमोनिया से होने वाली उन मौतों को कम करने में टीकों, जांच के साधनों और इलाज के तरीकों में हुई प्रगति के महत्व को उजागर करती है, जिन्हें रोका जा सकता है। यह जीवन बचाने वाले इन उपायों तक समान पहुंच की वकालत करती है, खासकर उन बच्चों और वंचित समुदायों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 5 साल से कम उम्र के 14 लाख बच्चों की मौत निमोनिया के कारण होती है। यह दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों का 18 प्रतिशत है। यूनिसेफ के अनुसार, हर 39 सेकंड में एक बच्चे की मौत निमोनिया से होती है।

अनुमान है कि 50 साल से अधिक उम्र के वयस्कों में निमोनिया से होने वाली 16 लाख मौतें, वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया आज भी बच्चों में संक्रामक बीमारी से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण है। इस अवसर पर दुनियाभर में निमोनिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खासतौर पर बच्चों में निमोनिया की रोकथाम को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की लगभग 14 से 26 फीसदी मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। देश में इस आयु वर्ग के लगभग 14.9 फीसदी बच्चों की मौत का कारण निमोनिया है। कुछ आंकड़ों में यह अनुपात 18 फीसदी तक पाया गया है। यह आंकड़े वास्तव में चिंताजनक हैं। भारत में मौसम बदलते ही बीमारियों का खतरा मंडराने लगता है। इनमें निमोनिया प्रमुख है। अस्पतालों में लम्बी लम्बी कतारें लग जाती है। इस समय गर्मी के विदाई का वक्त है। सर्दी की आहट के साथ ही बच्चे से बुजुर्ग तक को अपनी सेहत की चिंता सताने लगती है। इस समय मौसम भी अजब-गज़ब है। कहीं पंखे चल रहे हैं तो कहीं एयर कंडीशनर भी। लोगों ने गर्म कपडे.निकाल लिए है। पंखा आदि चलाकर कम्बल का उपयोग करते देखा जा सकता है। दिवाली पर प्रदूषण की मार भी लोग झेल रहे है। इसी बीच सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार जैसी अनचाही बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्द मौसम में निमोनिया का खतरा भी चिंता का विषय बन जाता है। निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जिसके कारण फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों में सूजन आ सकती है और उनमें तरल पदार्थ या मवाद भर सकता है। इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है।



खासतौर पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी से अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक निमोनिया से निपटने के लिए केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीकाकरण, शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की उपलब्धता भी जरूरी है। निमोनिया कोई छोटी-मोटी बीमारी नहीं है। निमोनिया फेफड़ों में असाधारण तौर पर सूजन आने के कारण होता है। इसमें फेफड़ों में पानी भी भर जाता है। आमतौर पर निमोनिया कई कारणों से होता है जिनमें प्रमुख हैं बैक्टीरिया, वायरस, फंगी या अन्य कुछ परजीवी। इनके अलावा कुछ रसायनों और फेफड़ों पर लगी चोट के कारण भी निमोनिया होता है। बैक्टीरिया जनित निमोनिया दो से चार सप्ताह में ठीक हो सकता है। इसके विपरीत वायरल जनित निमोनिया ठीक होने में अधिक समय लेता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का जप करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

एथेनॉल की खूबियों के बावजूद चिंताएं बरकरार

देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और कदम उठाया है, जबकि देश में एथेनॉल को लेकर पूर्व में हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के लिए मोटर वाहन नियमों में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारत की ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, इस नई व्यवस्था को केवल हरित क्रांति के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकों की आर्थिक स्थिति, वाहनों की तकनीकी क्षमता, ईंधन की उपलब्धता और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों को भी समझना जरूरी है। - *रामिकशन, रोहतक*

ट्रेंड

शतरंज में शतक



भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! 00वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवात्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

उत्पादन का रिकॉर्ड



भारत ने उत्पादन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। चावल के उत्पादन में हम दुनिया में पहले नंबर पर आ गए हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक देश भी बन गया है। आज, देश में रिकॉर्ड 377 मीट्रिक टन अनाज और 378 मीट्रिक टन फल व सब्जियों का उत्पादन हो रहा है।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

अत्यंत दुःखद



पाली में एक दुकान में लगी आग के धुएं से दम घुटने के कारण कांग्रेस पार्षद उषा पुनामिया, उनके पति प्रकाश पुनामिया और उनके बड़े भाई गौतम के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-**अशोक गहलोत,** सीएम, राजस्थान

नई रामायण



नई रामायण देखी। इसमें न तो कोई दिव्यता दिखी और न ही भक्ति का भाव। कई महत्वपूर्ण दृश्य गायब हैं, और कई दृश्यों के संवादों में वह गरिमा नहीं है जो ऐसी फिल्म में होनी चाहिए। रावण का काफी महिमामंडन किया गया है।
- **सुनील लहरी,** अभिनेता

करंट अफेयर

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण बेलफास्ट में विशेष कार्यक्रम

'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास में ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों के 60 से अधिक संगीतकारों ने एक विशेष संगीत कार्यक्रम पेश किया। बेलफास्ट स्थित टोकाटा म्यूजिकल्स प्रोडक्शंस के सहयोग से तैयार राष्ट्रगीत की यह संगीत प्रस्तुति पिछले सप्ताह ऑनलाइन जारी की गई। भारतीय वाणिज्य महादूतावास ने बताया कि इसमें शामिल संगीतकारों का भारत, उसकी संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिकता और संगीत विरासत से व्यक्तिगत जुड़ाव है। ब्रिटेन के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास देश के नए वाणिज्य दूतावासों में से एक है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल मार्च में इसका उद्घाटन किया था। बेलफास्ट में भारत की महावाणिज्यदूत किरण खत्री ने कहा, 'बेलफास्ट में भारत के पहले महावाणिज्य दूतावास की स्थापना भारत और उत्तरी आयरलैंड के संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उत्तरी आयरलैंड के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने और संस्कृति, शिक्षा, व्यापार तथा लोगों के बीच संपर्क के माध्यम से मजबूत संबंध बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस परियोजना में संगीतकारों ने 'वंदे मातरम' के सम्मान में स्वेच्छा से अपना समय दिया।

ऑफ बीट

वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है

दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का



असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है : भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में प्रदान किया राष्ट्रीय सम्मान

स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर ने देश में हासिल किया दूसरा स्थान

स्वच्छता के क्षेत्र में संस्कारधानी जबलपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जबलपुर को द्वितीय स्थान का राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। यह पुरस्कार महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, तत्कालीन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और वर्तमान निगमायुक्त अग्रिम कुमार ने ग्रहण किया।



हरिभूमि, जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापौर और दोनों निगमायुक्तों को बधाई दी है। जबलपुर की इस उपलब्धि के पीछे नगर निगम की कार्ययोजना, अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रियता, सफाई मित्रों का समर्पण और नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन, नियमित मैदानी निगरानी, रात्रिकालीन सफाई और स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों ने शहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

22वें स्थान से दूसरे पायदान तक का सफर

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पदभार ग्रहण करते समय जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का संकल्प लिया था। उस समय स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर 22वें स्थान पर था। इसके बाद जबलपुर ने 13वें, फिर पांचवें और अब दूसरे स्थान तक का सफर तय किया है। महापौर ने इस उपलब्धि को पूरे शहर की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया है।

वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से कचरा प्रबंधन को मिली गति

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नवंबर-दिसंबर 2025 में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का संचालन शुरू कराया गया। इसके बाद जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 के दौरान लगभग 3.5 लाख टन कचरे की प्रोसेसिंग की गई। पुराने कचरे के ढेरों को हटाकर लगभग 17 एकड़ भूमि को भी कचरा मुक्त कराया गया। इससे कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।

थ्री-आर सेंटरों से पुनः उपयोग को बढ़ावा

नगर निगम ने रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल की अवधारणा पर थ्री-आर सेंटर स्थापित किए। इन केंद्रों में बुक बैंक, खिलौना बैंक और कपड़ा बैंक जैसी व्यवस्थाएं विकसित की गईं। इनके माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने और संसाधनों के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित किया गया।

सड़कों, नालियों और डिवाइडरों की व्यवस्था सुधारी

शहर की स्वच्छता को व्यापक स्वरूप देने के लिए सड़कों, रोड डिवाइडरों और नालियों की व्यवस्था दुरुस्त की गई। विभिन्न क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक लगाए गए तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने पर ध्यान दिया गया। सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी के लिए मैदानी स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई।

सुबह 6 बजे से निरीक्षण, रात में भी सफाई

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए निगमायुक्त सुबह छह बजे से ही शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। नियमित मॉनिटरिंग के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं नाइट स्वीपिंग को प्रभावी बनाया गया, ताकि दिन के साथ रात में भी सफाई व्यवस्था बनी रहे।

स्पॉट फाइन और प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई

सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पूरे वर्ष स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर प्लास्टिक जब्त की गई। इन प्रयासों के जरिए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने पर जोर दिया गया।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी किया सम्मानित

अब देश में नंबर वन बनने का लक्ष्य

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि 22वें स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचना पूरे जबलपुर की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। इसमें शहर के नागरिकों, सफाई मित्रों, नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह पुरस्कार केवल नगर निगम का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे संस्कारधानी परिवार का गौरव है। उन्होंने सभी सफाई मित्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब जबलपुर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने इस सम्मान को संस्कारधानी के प्रत्येक नागरिक को समर्पित किया। समारोह में निगमाध्यक्ष रिंकू विज, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अग्रिम कुमार और पूरी टीम के योगदान की सराहना करते हुए सफाई मित्रों के अथक परिश्रम को इस उपलब्धि का महत्वपूर्ण आधार बताया।

हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी, पीएफ और अवकाश नकदीकरण का लाभ देने को कहा, छह सप्ताह बाद अगली सुनवाई

रादुवि के 17 सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत 90 प्रतिशत अंतरिम पेंशन देने के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से वर्ष 2024 से अक्टूबर 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए 17 कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन और विश्वविद्यालय प्रशासन को अपीलकर्ताओं को 90 प्रतिशत अंतरिम पेंशन के साथ ग्रेच्युटी, भविष्य निधि (पीएफ) और अवकाश नकदीकरण का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। रादुविवि के सेवानिवृत्त कर्मचारी एमएल रैकवार एवं अन्य की ओर से अपील दायर की गई थी।



इसमें बताया गया कि वर्ष 1997 में विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने उन्हें पदोन्नति देने का निर्णय लिया था, लेकिन राज्य शासन ने पदोन्नति को अमान्य कर दिया। अपीलकर्ता वर्ष 2024 से अक्टूबर 2026 के बीच सेवानिवृत्त हो गए। अपीलकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण का भुगतान रोक दिया है। इसके कारण सेवानिवृत्त कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए 90 प्रतिशत पेंशन सहित अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जबलपुर में बनेगा 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम, निजी वाहन और भवन भी जरूरत पड़ने पर लिए जा सकेंगे

आपदा से निपटने नगर निगम को मिलेंगे विशेष अधिकार, आयुक्त होंगे अध्यक्ष

जबलपुर। भूकंप, बाढ़ और औद्योगिक हादसों जैसी आपदाओं से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने जबलपुर सहित 16 नगर निगमों में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गठित करने की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत नगर निगम आयुक्त अध्यक्ष और कलेक्टर उपाध्यक्ष होंगे। आपात स्थिति में निजी वाहनों, भवनों और मानव संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकेगा। नगर निगम परिसर में 24 घंटे सक्रिय आपातकालीन संचालन केंद्र बनाया जाएगा, जो पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, मौसम विभाग और राज्य कमांड सेंटर से जुड़ा रहेगा। प्राधिकरण को खतरनाक भवनों को ध्वस्त करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवाजाही प्रतिबंधित करने के अधिकार भी मिलेंगे। जबलपुर में 1997 के भूकंप और बरगी बांध से जुड़ी संभावित चुनौतियों को देखते हुए यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसका उद्देश्य आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और समय पर चेतावनी एवं सहायता उपलब्ध कराना है। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित प्रदेश के 16 नगर निगम इस व्यवस्था में शामिल हैं।

दोनों तरफ से चले पत्थर और बम, थाने में हंगामा

बड़ी ओमती में 2 पक्षों के बीच हिंसक टकराव

जबलपुर। ओमती थाना क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर के पास वाहन पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों की ओर से पत्थरबाजी और बमबाजी शुरू हो गई।



घटना में कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। विवाद के बाद आक्रोशित लोग ओमती थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झूलेलाल मंदिर के पास गाड़ी पार्क करने की बात पर उड़िया समाज और सोनकर समाज के लोगों के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद बढ़ने पर पत्थरबाजी होने लगी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।

थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग

घटना से नाराज उड़िया और सोनकर समाज के लोग ओमती थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लंबे समय से कथित अवैध नशे के कारोबार के चलते इस तरह के विवाद होने का आरोप भी लगाया है।

पुलिस जांच में जुटी

सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी ने बताया कि, दोनों पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरियादी पक्ष की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। वहीं, घटना के दौरान बम चलने की चर्चाओं को लेकर सीएसपी ने कहा कि पुलिस इन दावों की सत्यता की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

108 एंबुलेंस नहीं मिली तो डायल-112 बनी सहारा

चूल्हे पर खाना बनाते समय महिला की साड़ी में लगी आग, 30 प्रतिशत झुलसी

जबलपुर। रसोई में चूल्हे पर खाना बनाते समय एक महिला दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। अचानक उसकी साड़ी में आग लग गई, जिससे वह करीब 30 प्रतिशत तक झुलस गई। संकट की इस घड़ी में जब परिजनों को 108 एंबुलेंस की सुविधा समय पर नहीं मिल सकी, तब डायल-112 की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से महिला की जान बच गई।



घटना रांझी थाना क्षेत्र के मुंडी टोरिया की है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय सरस्वती कोल घर में चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी साड़ी में आग लग गई। आग की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस से संपर्क किया गया, लेकिन समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर तैनात हेड कांस्टेबल हरिओम तिवारी और पंचेश्वर तत्काल मुंडी टोरिया पहुंचे। वहां महिला को झुलसी हालत में देखकर पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।सीएसपी सतीश साहू ने बताया कि डायल-112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार उपलब्ध होने से महिला की स्थिति सुरक्षित बताई गई है। फिलहाल रांझी पुलिस मामले की जांच कर रही है।आपात स्थिति में पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना हो रही है।

सीसीटीवी कैमरों के तार काटकर वारदात को दिया अंजाम

सूने मकान का ताला तोड़कर, जेवर-नकदी सहित चांदी का शिवलिंग ले गए चोर

जबलपुर। खमरिया थाना क्षेत्र की प्रियदर्शिनी कॉलोनी में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर जेवरात और नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए। बदमाशों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरों की अलमारियों को खंगालकर



सामान बिखेर दिया। वारदात के दौरान आरोपियों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बी-54 प्रियदर्शिनी कॉलोनी, डुमना रोड निवासी 30 वर्षीय मयंक पुरोहित ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी दीदी और जीजाजी के साथ रहता है। दीपावली की छुट्टियों में दीदी-जीजाजी 6 नवंबर की शाम करीब 5 बजे झांसी और रीवा चले गए थे। इस दौरान वह भी घर से बाहर था। 10 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे जब मयंक घर लौटा और मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचा तो दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। घर के सभी सीसीटीवी कैमरों के तार कटे हुए थे। बच्चों के कमरे, उसके कमरे और दीदी-जीजाजी के कमरों में रखी अलमारियों का सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था तथा अलमारियों की तिजोरियां टूटी हुई थीं। चोर दीदी की रोजाना पहनने वाली एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया और करीब 5 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा मंदिर में रखा चांदी का छोटा पशुपतिनाथ शिवलिंग भी गायब मिला। अन्य सामान की चोरी की जानकारी दीदी-जीजाजी के वापस लौटने पर मिल सकेगी।

सीसीटीवी में कैद हुए तीन संदिग्ध

मयंक ने घर में लगे कैमरों की फुटेज देखी तो 9 और 10 नवंबर की दरम्यानी रात करीब 1:42 बजे मोटरसाइकिल से तीन व्यक्ति घर के सामने आते दिखाई दिए। इनमें से दो व्यक्ति मुख्य गेट फांदकर अंदर घुसे और दरवाजे का ताला-कुंदा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

लकड़ी कारोबारी को घेरा, कार में तोड़फोड़

शराब के लिए रुपए नहीं दिए तो बेसबॉल के डंडे से किया हमला

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर एक युवक और उसके दोस्तों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि शहपुरा निवासी प्रतीक ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर लकड़ी कारोबारी से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इनकार करने पर बेसबॉल के डंडे से हमला कर कार में तोड़फोड़ की और युवक को घायल कर दिया। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार छोटा जैन मंदिर पुरवा गढ़ा निवासी 29 वर्षीय संस्कार जैन अरिहंत टिम्बर नाम से लकड़ी का टाल संचालित करता है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 नवंबर की रात करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों अभिनव झारिया, हिमांशु बघेल और विवेक चक्रवर्ती के साथ खाना खाने आकाश ढाबा जा रहा था। आदिनाथ स्टील कंपनी के गेट के सामने अभिनव और विवेक की कार खड़ी कर चारों संस्कार की कार से ढाबे पहुंचे, लेकिन वहां खाना नहीं मिला। इसके बाद वे मुन्ना होटल बस स्टैंड गए, वहां भी खाना नहीं मिलने पर वापस आदिनाथ स्टील कंपनी के गेट के सामने लौट आए।

बेसबॉल के डंडे से सिर पर किया वार

10 नवंबर की रात करीब 3 बजे जब वे अपनी गाड़ियां लेने पहुंचे, तभी सफेद रंग की बलेनो और वेन्यू कार से कुछ लोग वहां आए। आरोप है कि शहपुरा निवासी प्रतीक ठाकुर ने संस्कार से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। रुपए देने से मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर प्रतीक और उसके साथियों ने बेसबॉल के डंडे से संस्कार की कार में तोड़फोड़ की और उसके सिर पर वार कर दिया। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने किसी नुकीली वस्तु से उसके बाएं पैर पर हमला कर दिया।

शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

मारपीट के दौरान हिमांशु और विवेक ने बीच-बचाव किया। इस पर आरोपियों ने अपनी पहचान बताते हुए धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद आरोपी अपनी कारों से शहपुरा की ओर भाग निकले। संस्कार की रिपोर्ट पर भेड़ाघाट पुलिस ने प्रतीक ठाकुर और उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कृषि उपज मंडी मंडी में अनाज व्यापार की शुरुआत

धूमधाम से मनाया गया भाईदूज बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक

सिहोरा। भाई बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का पर्व भाईदूज नगर में भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में बहनों ने पारंपरिक तरीके से अपने भाइयों का तिलक कर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। बहनों ने भी भाइयों को तिलक लगाकर,आरती उतारकर मिठाई खिलाई और नारियल भेंट किया। बदले में भाइयों ने भी बहनों को उपहार और शगुन देकर उनके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने का वचन दिया।

बाजारों में दिखी खासी रौनक

बाजारों में भी भाईदूज को लेकर खासी रौनक देखने को मिली। मिठाई की दुकानों, गिफ्ट शॉप और फूलों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ लगी रही। कई बहनें दूर-दराज से अपने मायके और भाई के घर पहुंचीं। मंदिरों में भी भाईदूज पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने आए थे तब से भाईदूज मनाने की परंपरा चली आ रही है।



कृषि उपज मंडी में अनाज व्यापार की शुरुआत

कृषि उपज मंडी में बुधवार को पांच दिन से बंद अनाज व्यापार की मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ भाई दूज से पुनः शुरुआत हुई व्यापारी संघ अध्यक्ष नीरज असाटी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अनाज व्यापारी संघ के प्रकाश चंद्र ब्रजपुरिया, किशन जानवानी, विनय असाटी, कृष्ण कुमार नायक, बद्री असाटी, जयकुमार सहजवानी, लल्लू लाल अग्रवाल, महेंद्र असाटी, राजेश असाटी, दिलीप जौहरवानी, अरविंद चौदहा,सतीश असाटी, मनीष गुप्ता, ओम प्रकाश जौहरवानी, सुनील जौहरवानी, अमित नायक, रितेश जानवानी, उमेश जौहरवानी, मंडी सचिव खेम कुमार पनिका, निरीक्षक आभा अहिरवार, योगेंद्र सोंधिया विवेक गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। अनाज व्यापार को लेकर अनाज व्यापारियों तथा किसानों में जोश और उत्साह का वातावरण बना था। पहले दिन उपज की बंपर आवक हुई ।

दिवाली की रात प्रदूषण मॉनिटरिंग स्टेशन बंद, प्रदूषण छिपाने की कोशिश का आरोप

जबलपुर। दिवाली की रात प्रदेश के कई शहरों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लाइव मॉनिटरिंग स्टेशन बंद रहने का मामला सामने आया है। जनसंगठनों ने इसे आतिशबाजी से बढ़े प्रदूषण को छिपाने की कोशिश बताते हुए मुख्य सचिव को शिकायत भेजी है। शिकायत के अनुसार रात 11 बजे से कई केंद्रों पर पीएम-10 और पीएम-2.5 की रीडिंग बंद रही। भोपाल कलेक्टोरेट, पर्यावरण परिसर, पीथमपुर, ग्वालियर फूलबाग और इंदौर रीजनल पार्क के मॉनिटरिंग स्टेशन बंद थे। भोपाल टीटी नगर और ग्वालियर महाराजबाड़ा में भी रीडिंग उपलब्ध नहीं थी। इंदौर की छोटी ग्वालटोली में पीएम-2.5 का स्तर 850 से ऊपर पहुंचने के बाद रीडिंग बंद होने का आरोप लगाया गया। जबलपुर में भी ऐसी स्थिति बताई गई। शिकायत में 12 मई 2026 के एनजीटी आदेश के पैरा 30 का हवाला देते हुए मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, सुभाष चंद्रा, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड. प्रभात वर्मा, डी.आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, अशोक यादव, पी.एस. राजपूत और यशवंत कोष्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जनजातीय नायकों की विरासत और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाएंगे: विजय शाह

11 से 18 नवंबर तक मनेगा जनजातीय गौरव सप्ताह



जबलपुर। जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने भाजपा कार्यालय रानीताल में पत्रकार वार्ता में बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार और 16 नवंबर को खंडवा में बड़े आयोजन होंगे।उन्होंने कहा कि जनजातीय नायकों के संघर्ष, बलिदान, गौरवशाली विरासत, लोककला और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में सांस्कृतिक रैलियां, विद्यालयों में प्रतियोगिताएं और छात्रावासों में युवाओं से संवाद कार्यक्रम होंगे। टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह सहित जनजातीय महापुरुषों के योगदान को भी स्मरण किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मंत्री संपतिया उइके, सांसद आशीष दुबे, पंकज टेकाम, रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, अखिलेश जैन, संतोष बरकड़े, आशा गोंटिया, संदीप जैन, श्रीकान्त साहू, संतोषी ठाकुर, एकता ठाकुर, रवि शर्मा एवं नरेश चौधरी उपस्थित रहे।

स्पार्टन और स्टेमफील्ड की धमाकेदार जीत, प्रतिद्वंद्वियों को 6-0 से हराया

जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में दोनों विजेता टीमों ने हासिल किए पूरे 3 अंक



जबलपुर। जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में शिवाजी ग्राउंड पर खेली जा रही सुरेन्द्र जायसवाल जूनियर डिवीजन एवं रमेश चौकसे सीनियर डिवीजन फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार को स्पार्टन एफसी और स्टेमफील्ड एफसी ने शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने अपने मुकाबले 6-0 से जीते। जूनियर डिवीजन में स्पार्टन एफसी ने फाउंडेशन एफसी को एकतरफा मुकाबले में हराया। स्पार्टन ने 10वें, 14वें और 18वें मिनट में लगातार तीन गोल कर मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में 56वें, 67वें और 78वें मिनट में गोल दागकर जीत 6-0 कर दी। सीनियर डिवीजन में स्टेमफील्ड एफसी ने जीनियस एफसी को 6-0 से पराजित किया। स्टेमफील्ड ने 5वें, 15वें और 20वें मिनट में गोल कर पहले हाफ में 3-0 की बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में 60वें, 65वें और 80वें मिनट में गोल कर जीत सुनिश्चित की। इस जीत से स्टेमफील्ड की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम रहीं। मैचों में निर्णायक मो. अफजल, कुलदीप, हरी रजक, अतुल तिवारी, उत्तम कुमार, रिचर्ड एवं चंद्रा मलिक रहे।

युवा कांग्रेस के दीपावली मिलन समारोह में संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

जबलपुर। जबलपुर शहर युवा कांग्रेस द्वारा दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री यश लखन घनघोरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकार साथियों, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद किया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, युवा कांग्रेस की कार्ययोजना तथा संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। समारोह ने आपसी सौहार्द, भाईचारे और संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर यश लखन घनघोरिया, पारस जैन, सोनू कुकरेले, रिषभ मिश्रा, सागर शुक्ला, भानू यादव, शुभम बोहित, यावर चौधरी, अभ्युदय वाजपेयी, अदनान अंसारी, ओवैस अंसारी, नितिन सिंह, आमिर, प्रवीण चौधरी, राजेश केशरवानी एवं शिशांत सिंह ठाकुर सहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सोना-चांदी के जेवर और 25 हजार रुपये ले गए चोर, पुलिस ने शुरू की जांच

विद्युत कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी



जबलपुर। कटंगी रोड स्थित तलाई संस्कार सिटी कॉलोनी में चोरों ने विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर इंद्रपाल सिंह के सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इंद्रपाल सिंह पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में पदस्थ हैं। जानकारी के अनुसार वे 9 नवंबर 2026 को परिवार को ग्वालियर छोड़ने गए थे। 10 नवंबर को पड़ोसी ने फोन कर मकान के दरवाजे पर ताला नहीं होने की जानकारी दी। इंद्रपाल सिंह ने बताया कि वे घर में ताला लगाकर गए थे। 11 नवंबर की सुबह लौटने पर चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। चोरी गए सामान में सोने-चांदी के आभूषण और 25 हजार रुपये नकद शामिल हैं। विद्युत कर्मचारी संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास एवं लखन सिंह राजपूत ने पुलिस प्रशासन से चोरों को शीघ्र गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद करने की मांग की है।

जबलपुर में आज निकलेगी भाजयुमो की युवा संकल्प यात्रा, युवा शक्ति दिखाएगी दम

हरिभूमि, जबलपुर। युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जबलपुर महानगर द्वारा 12 नवंबर को विशाल 'युवा संकल्प यात्रा' निकाली जाएगी। युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति के संदेश के साथ आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों और भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। यात्रा गुरुवार दोपहर 1 बजे कांचघर चौक से प्रारंभ होगी। यहां से शीतलामाई, बाई का बगीचा, घमापुर चौक, बेलबाग, भरतीपुर, करमचंद चौक, मालवीय चौक और शहीद स्मारक होते हुए यात्रा रानीताल स्थित भाजपा के संभागीय कार्यालय पहुंचेगी।यात्रा के समापन पर संभागीय कार्यालय रानीताल में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, सामाजिक दायित्वों और युवाओं से जुड़े समसामयिक विषयों पर चर्चा कर भविष्य के संकल्पों को लेकर संवाद होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने शहर के युवाओं, छात्रों, प्रबुद्ध नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर युवा संकल्प यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

गोलबाजार की जीत में अरमान का शतक, ओएफके को 107 रन से हराया

जबलपुर। गोलबाजार क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-16 इंटर क्लब लीग गोलबाजार कप क्रिकेट स्पर्धा में ओएफके क्रिकेट अकादमी को 107 रनों से पराजित किया। शहीद स्मारक मैदान पर खेले गए 25-25 ओवर के मुकाबले में गोलबाजार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 279 रन बनाए। टीम की ओर से अरमान ने 134 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं मनोनीत नाथन ने 40, मोक्ष शुक्ला ने 32 और अमन ने नाबाद 25 रन बनाए। ओएफके की ओर से नक्श गौतम ने 3, विहान ने 2 और अर्णव ने 1 विकेट लिया। 280 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओएफके की टीम 172 रन ही बना सकी। सार्थक ने 66, आराध्य ने 37 और मयंक ने 22 रन बनाए। गोलबाजार की ओर से आर्थिक तिवारी ने 2 विकेट लिए, जबकि मनोनीत नाथन, ओजस्व और केशव ने 1-1 विकेट हासिल किया। शानदार शतकीय पारी के लिए अरमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।





गोवर्धन पूजा पर बीएम कॉलोनी में गौ माता की महाआरती, उमड़े श्रद्धालु

जबलपुर। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर द्वारका नगर क्षेत्र स्थित लाल माटी बीएम कॉलोनी में गौ माता की पूजा, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपों की रोशनी और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ मार्गदर्शक अनिल यादव, अविनाश शर्मा, हिंदू जागरण मंच के टिल्लू शर्मा, सचिन रजक, अंशुल गुप्ता, सोनू केवट, अनूप शर्मा, कुलदीप शर्मा, यश कटारिया, दुर्गेश सेन, विनय दाहिया बॉक्सर एवं धनी दाहिया गौ रक्षक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन में गौसेवा, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

आत्म वैभव को पहचानें, बाहरी पदार्थों के पीछे न भागें : मुनि निष्कंप सागर जी

जबलपुर। शिव नगर विद्या वाटिका में मुनि श्री 108 निष्कंप सागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य जब तक शरीर और बाहरी परिग्रहों के प्रति ममत्व रखेगा, तब तक सद्बुद्धि का विकास नहीं हो सकता। संसारी प्राणी अपने वास्तविक आत्मवैभव को पहचाने बिना बाहरी पदार्थों के पीछे भागता रहता है और दुखी होता है। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार कोई बालक यह सुनकर दौड़ने लगता है कि कौआ उसका कान ले गया, जबकि कान उसके पास ही होता है। उसी प्रकार मनुष्य अपने भीतर मौजूद वैभव को नहीं पहचानता और बाहरी वस्तुओं में सुख तलाशता है। उन्होंने कहा कि वस्तुएं स्वयं बोझ नहीं बनतीं, बल्कि उन्हें अपना मानने की भावना मनुष्य को दुखी करती है। जैसे नौकर सेठ की संपत्ति को अपनी मानकर चिंतित होता है, उसी प्रकार मनुष्य भी परिग्रह के मोह में उलझा रहता है। कुत्ते और बैलगाड़ी तथा छिपकली और छत के उदाहरण से उन्होंने भ्रमपूर्ण अहंकार को समझाया। मुनि श्री ने संतोष, आत्मपहचान और परिग्रह त्याग का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है। इस अवसर पर अतुल दानी, दर्पण जैन (बाबू), स्वर्णिम जैन, विकास जैन, मनोज सेठ एवं संकल्प जैन सहित श्रावकगण उपस्थित रहे।



निधन

श्री सुभाष देवघरिया- स्वास्तिक ड्युपलेक्स परिसर दुर्गा कॉलोनी निवासी श्री सुभाष देवघरिया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजदीप सोनकर- गोरखपुर निवासी श्री राजदीप सोनकर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

कु. अंजली जायसवाल- दद्दा नगर कटंगी रोड निवासी श्री जगदीश जायसवाल की पुत्री कु. अंजली जायसवाल (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती चमेला देवी चौरसिया- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सजन लाल चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती चमेला देवी चौरसिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री पवन चौधरी- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री प्रेम लाल चौधरी के पुत्र श्री पवन चौधरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती उर्मिला बिल्लौरे- जानकी नगर विजय नगर निवासी श्री उमेश नारायण बिल्लौरे की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बिल्लौरे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विजय कुमार चावला- नरसिंह वार्ड मदनमहल नामपुर रोड निवासी श्री विजय कुमार चावला (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती मिथलेश वर्मा- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री महेंद्र कुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मिथलेश वर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



श्री किशोरी लाल सोनकर- खेरमाई वार्ड हनुमानताल निवासी श्री किशोरी लाल सोनकर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अवधेश कुमार सिंह- सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री अवधेश कुमार सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री छोटे लाल- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री छोटे लाल (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रजनी बाई रैकवार- कछपुरा गणेश नगर निवासी श्री मुन्ना लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बाई रैकवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दसोदा यादव- बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री लालाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती दसोदा यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री महेश प्रसाद विश्वकर्मा- शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री महेश प्रसाद विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री लवकुश गुप्ता- करियापाथर श्मशान भूमि के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लवकुश गुप्ता (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती तंगमनी मुथैया- कजरवारा नर्मदा प्राइम बिलहरी रोड निवासी श्री मुथैया की धर्मपत्नी श्रीमती तंगमनी मुथैया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री वीके तिवारी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री वीके तिवारी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मस्तराम शर्मा- कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री मस्तराम शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सरोज कुमार ठाकुर- शीतलामाई रवि डेयरी के पास निवासी श्री सरोज कुमार ठाकुर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुरेश कुमार चौधरी- रिजर्व पुलिस लाइन निवासी श्री सुरेश कुमार चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दिलीप कुमार घोषराय- बिलपुरा व्हीकल निवासी श्री दिलीप कुमार घोषराय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



डॉ. श्रीमती निर्मला परांजपे - 791 सतना बिल्डिंग निवासी सेवानिवृत्त प्रोफेसर मनोविज्ञान महाविद्यालय जबलपुर डॉ. श्रीमती निर्मला परांजपे का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे डॉ. मिलिंद परांजपे व मोनिका भागवत की माताजी थी। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।



मझौली में 13 नवंबर को लगेगा विशाल चंडी मड़ई मेला, तैयारियां शुरू

मझौली। नगर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विशाल चंडी मड़ई मेले का आयोजन 13 नवंबर, शुक्रवार को किया जाएगा। दीपावली के पांचवें दिन आयोजित होने वाला यह मेला बाजार प्लाट स्थित चंडी माता के स्थान पर लगेगा। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। मंदिर के पुजारी सुरेश कुम्हार एवं राकेश कुम्हार ने बताया कि मेले में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचकर चंडी माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालुओं की माता के प्रति गहरी आस्था है। मेले में पूजा-पाठ के साथ बाजार, झूले और विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

नरसिंह मंदिर खितौला में वासुदेव महायज्ञ का आयोजन

सिहोरा। नगर के एकमात्र अध्यात्मित केंद्र नरसिंह टेकरी मंदिर खितौला में चल रहे अनुष्ठात्मक वासुदेव यज्ञ में श्रीमद् भागवत महा पुराण के अठारह हजार श्लोकों से दिव्य आहुतियां दी जा रहीं हैं। स्वामी गोविंद दास महाराज ने बताया कि कार्तिक मास को सनातन धर्म में 12 महीनों में सबसे पवित्र माना गया है। इसे धर्म,मोक्ष और भक्ति का महीना कहते हैं। पद्म पुराण और स्कंध पुराण में लिखा है न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समां युगं यानी सतयुग के समान कोई युग नही और कार्तिक के समान कोई महीना नही। इस महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं इस लिए इसे विष्णु जी को अति प्रिय महीना कहा गया है। इस पूरे महीने किया गया एक भी पुण्य 100 गुना फल देता है।शनिवार तक चलने वाले यज्ञ का 15 नवम्बर (सूर्य षष्ठी) को पूज्य स्वामी द्वारिका दास महाराज की पुण्य तिथि विशाल भंडारा के साथ समापन होगा। इस अवसर पर पुजारी बांके बिहारी दास,लखन पांडे, प्रेमनारायण तिवारी, मनीष पांडे, अनिल पांडे, अश्वनी उपाध्याय, कान्हा पांडे, बसंत परौहा, कुलदीप, लालू, सुभाष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि समस्त भक्तो ने यज्ञ में सम्मिलित होने की अपील की है।



नाम परिवर्तन सूचना

I, SUKUMAR RAJU AWATADE is legally WIFE of ARMY NO-14663159N, Rank- HAV, Name-AWTADE RAJU KACHOR, residing at Vill & Post-WIRWADE,BK TAL MAHOL, Teh-MOHOL, Distt-SOLAPUR, State-MAHARASHTRA, PIN - 413253, शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SUKUMAR दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम SUKUMAR RAJU AWATADE दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं. 26526424712685009561 81 दिनाक 05-11-26 नोटरी सोलापुर, महाराष्ट्र।

गलत नाम
SUKUMAR
सही नाम
SUKUMAR RAJU AWATADE

खबर संक्षेप

रुपया सात पैसे मजबूत होकर 93.70 प्रति डॉलर



मुंबई। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 93.70 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की संभावना से रुपये को समर्थन मिला। आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने, एफपीआई की लिवाली से रुपये को मजबूती मिली।

टाटा पावर का शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 33 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। टाटा पावर का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 1,652 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसके सभी कारोबारी क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से लाभ में वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,245 करोड़ रुपये रहा था।

बजाज हिंदुस्तान शुगर का घाटा 15.23% बढ़ा



नई दिल्ली। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 15.23 प्रतिशत बढ़कर 121.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का चीनी कारोबार घाटे में है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी को 105.25 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

ईवी वाहनों के लिए टाटा मोटर्स का टर्नो से करार



मुंबई। टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिकअप ग्राहकों को उनकी जरूरत के मुताबिक वित्तपोषण योजनाएं उपलब्ध कराने के लिए बैटरी समाधान से जुड़ी कंपनी फिनजो ईवी सॉल्यूशंस (टर्नो) के साथ साझेदारी की है। भुगतान की मजबूत योजनाओं और 25 प्रतिशत की सुनिश्चित पुनर्खरीद गारंटी का लाभ मिलेगा।

ओरिएंट ग्रीन पावर का लाभ बढ़कर 81.57 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 81.57 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में कंपनी ने 80.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। उसकी कुल आय बढ़कर 146.57 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 135.45 करोड़ रुपये थी।

बिना छंटाई वाले कचरे के निर्यात पर प्रतिबंध



नई दिल्ली। सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी के बिना छंटाई वाले कचरे और कबाड़ के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि प्राथमिक सेल, बैटरी और इलेक्ट्रिक एक्यूमुलेटर के ऐसे कचरे एवं कबाड़ के निर्यात की नीति को मुक्त'' से बदलकर ''प्रतिबंधित'' कर दिया गया है, जिनमें सीसा, कैडमियम या पारा नहीं है और जिनकी छंटाई नहीं की गई है। इसमें लिथियम-आयन बैटरी का ब्लैक मास भी शामिल है।

बैंकों में बड़े पैमाने पर होगी छंटनी! एआई करेगा 70% से ज्यादा काम : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण इन दिनों कई लोगों की नौकरी जा रही है। खासतौर से आईटी सेक्टर में लोगों पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। तो वहीं अब आने वाले समय में बैंकिंग क्षेत्र में भी इसके कारण बड़ा बदलाव नजर आने वाला है।

- एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा

हाल ही में आई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है। दरअसल मैकिंसे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एआई की मदद से बैंकों में जोखिम प्रबंधन से जुड़े 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक ऐसे काम अपने आप किए जा सकते हैं, जिन्हें अभी कर्मचारी हाथ से करते हैं।

मैकिंसे ने जारी एक रिपोर्ट में किया खुलासा

कर्मचारियों को मिलेगी ज्यादा जिम्मेदारी

मैकिंसे के मुताबिक, एआई से जो समय और संसाधन बचेंगे, उनका इस्तेमाल बैंक ज्यादा जरूरी कामों में कर सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैंक बची हुई कार्यक्षमता का लगभग आधा हिस्सा बेहतर विश्लेषण, जोखिम से जुड़ी सलाह और तेजी से फैसले लेने में लगा सकते हैं। बाकी संसाधनों का इस्तेमाल एआई तकनीक विकसित करने, डाटा की सुरक्षा और नई तकनीकी व्यवस्था बनाने में किया जा सकता है। इसका मतलब है कि बैंक कर्मचारियों को केवल दस्तावेजों की जांच करने की जगह ज्यादा जिम्मेदारी वाले कामों में लगाया जा सकता है।



बैंकों को मिलेगा फायदा : बैंक शुरुआती दौर में एआई को अपनाएंगे, उन्हें दूसरे बैंकों की तुलना में फायदा मिल सकता है। एआई की मदद से बैंक कम समय में बेहतर फैसले ले सकेंगे और अपने खर्च को कम कर सकेंगे। हालांकि, एआई को बड़े स्तर पर लागू करने के लिए बैंकों को मजबूत तकनीकी व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मचारी और डाटा की सुरक्षा के लिए स्पष्ट नियम बनाने होंगे।

क्या नौकरियां खत्म होंगी

एआई के आने से बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का तरीका बदल सकता है। जिन कामों में बार-बार एक जैसी प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है, उनमें एआई का इस्तेमाल बढ़ सकता है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, मुश्किल मामलों का आकलन करना, जरूरी फैसले लेना और जोखिम से जुड़ी सलाह देना जैसे कामों में इंसानी भूमिका बनी रहेगी। बैंकों को ऐसे कर्मचारियों की जरूरत होगी, जिन्हें बैंकिंग और एआई दोनों की समझ हो। इसलिए कर्मचारियों के लिए नई तकनीक सीखना और अपने कौशल को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण होगा।

एआई से बैंकों में होंगे काम

बैंकों में जोखिम प्रबंधन का काम ये देखना होता है कि बैंक को किसी ग्राहक या कंपनी को कर्ज देने से कितना खतरा हो सकता है। इस काम में कर्मचारियों को कई तरह की जानकारी जुटानी पड़ती है और दस्तावेजों की जांच करनी पड़ती है। एआई की मदद से ग्राहकों और कंपनियों की वित्तीय जानकारी जुटाना, कर्ज से जुड़े दस्तावेज तैयार करना और उनकी जांच करना, नियमों के पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच करना, बैंक के ट्रांजैक्शन पर नजर रखना और साथ ही बैंकों में होने वाली धोखाधड़ी पर नजर रखने जैसे काम आसानी से हो सकते हैं।

क्यों किया जा रहा बदलाव : एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा। साथ ही कर्मचारियों को ज्यादा जरूरी काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि, इसका मतलब ये नहीं है कि बैंकों में 70 प्रतिशत कर्मचारियों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमान किया व्यक्त

मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया, वैश्विक जोखिमों को लेकर चेताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान पहले के 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। एजेंसी ने कहा कि व्यापक आर्थिक गतिविधियों में तेजी, मजबूत खपत और ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान में यह बढ़ोतरी की गई है।

मूडीज रेटिंग्स ने अपनी 'वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2027-28' रिपोर्ट में इस बात को लेकर आगाह भी किया कि निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि के समक्ष जोखिम बने हुए हैं। घरेलू खपत बढ़ते और व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई है।

खुदरा महंगाई 5.54 फीसदी पर

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है। इसके अलावा, कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून और अल नीनो की परिस्थितियों से कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग प्रभावित हो सकती है।

दुनिया का सबसे बड़ा तेल शोधन परिसर भारत में

मूडीज ने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत तेल शोधन परिसर स्थित है। देश की बड़ी और आधुनिक तेल शोधन क्षमता ने ईंधन आपूर्ति में बाधाओं को सीमित रखने के साथ उसे परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख निर्यातक बनाए रखने में मदद की है।



- पहले आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6 .5 प्रतिशत था
- झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया
- व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई

ऊर्जा कीमतों का सामना बेहतर तरीके से

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत ने ऊर्जा कीमतों के झटके का सामना पहले के अनुमान से बेहतर तरीके से किया है। कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता तथा सरकारी समर्थन वाली पेट्रोलियम विपणन कंपनियों और कर कटौती के जरिये उपभोक्ताओं को तत्काल मूल्य वृद्धि से बचाने में मदद मिली है।

वृद्धि दर का अनुमान अन्य संस्थाओं के अनुमानों के करीब

मूडीज का वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान अन्य प्रमुख संस्थाओं के अनुमानों के करीब है। आरबीआई और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने 7.1 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष , एशियाई विकास बैंक और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सात प्रतिशत और फिच रेटिंग्स ने 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है।

ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना

हालांकि, मूडीज ने आगाह किया कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना के बीच सख्त मौद्रिक नीति निजी निवेश में सुधार की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है। वैश्विक परिदृश्य पर एजेंसी ने कहा कि 2027 में प्रवेश करते समय उभरते बाजारों के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऊर्जा की ऊंची कीमतें, वैश्विक ब्याज दरों का ऊंचे स्तर पर बने रहना तथा व्यापार एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं महंगाई और वित्तपोषण का दबाव बढ़ा रही हैं।

अक्टूबर में निवेशकों ने 33.8 अरब डॉलर निकाले

इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से मिलने वाले प्रतिफल को लेकर चिंताएं भी बाजार में उतार-चढ़ाव की एक नई वजह बनी हैं। मूडीज ने इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उभरते बाजारों से प्रवासी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में 33.8 अरब डॉलर की निकासी की। सितंबर में भी 19.3 अरब डॉलर की निकासी हुई थी।

सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर नौ महीने के उच्चस्तर पर निफ्टी 25,250 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर करीब नौ महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,250 अंक के ऊपर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लिवाली, कंपनियों के दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला। आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 3.45 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.75 अंक यानी 0.95 प्रतिशत चढ़कर 81,879.40 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 26 फरवरी के बाद का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,413.75 अंक चढ़कर 82,520.40 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 210.40 अंक बढ़त के साथ 25,255.05 अंक पर बंद हुआ। यह भी करीब नौ महीने का उच्चतम स्तर है।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म. प्र.

क्र 1596./अ.वि.अ./भू-अर्जन/2026 तेंदूखेड़ा दिनांक 02/11/2026

प्रारंभिक अधिसूचना
(देखिये धारा 11)
रा.मा.क्र.004/अ-82/2024-25 मौजा ग्राम-ढिगसरा
नं.ब. 201 प.ह.नं. 40 तहसील-तेंदूखेड़ा

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर को सूखा ढिगसरा से ढिगसरा होकर कांशीखैरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. के निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि सूखा ढिगसरा से ढिगसरा होकर कांशीखैरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-4 के तहत कलेक्टर द्वारा सामाजिक समाघात अध्ययन दल का गठन किया गया, जिसके द्वारा सामाजिक समाघात रिपोर्ट एवं प्रबंध योजना तैयार की गई। कलेक्टर द्वारा धारा 7 के तहत स्वतंत्र बहु-शाखीय विशेषज्ञ समूह के दल का गठन किया गया। विशेषज्ञ समूह द्वारा अंकन रिपोर्ट तैयार की गई एवं धारा 8 के तहत समुचित सरकार का विनिश्चिय प्रकाशित किया गया जिसके अनुसार अधिग्रहित की जा रही भूमि के भूमिस्वामियो का विस्थापन नही हो रहा है एवं सार्वजनिक लोक प्रयोजन के स्थल अप्रभावित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :

अनुसूची-1

1. परियोजना का नाम—सूखा ढिगसरा से ढिगसरा होकर कांशीखैरी मार्ग लंबाई 4.10 कि. मी. के निर्माण हेतु ।
2. भूमि का विवरण:—
   1. जिला : नरसिंहपुर
   2. तहसील : तेंदूखेड़ा
   3. ग्राम : ढिगसरा
   4. प.ह.न. : 40
   5. न. बंदोबस्त : 201
   6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 0.320हेक्टेयर

अनुसूची-2

स. क.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा नंबर	कुल रकवा (हि. में.)	अर्जित रकवा (हे. में.)
1	2	3	4	5
1	श्री घनश्याम, नेतराज पिता गजराज किरार	62/2	0.048	0.008
		62/1	0.049	0.009
		50/2	0.284	0.006
		50/1	0.283	0.016
		47/4	0.324	0.049
2	श्री दुर्गा प्रसाद पिता नन्हेलाल अरविन्द पिता नन्हेलाल मीराबाई बेवा नन्हेलाल जयंतकुमार पिता नन्हेलाल किरार	33	0.983	0.005
		115	1.007	0.020
3	श्री भगवत सिंह पिता भैयालाल किरार	61	0.741	0.020
		51	0.866	0.004
4	श्री मुकेश कुमार पिता गोविन्द किरार	40/1	1.030	0.028
		40/2	0.809	0.002
5	श्री यशवंत सिह पिता भगवत सिंह किरार	49/2	0.405	0.008
6	श्री योगेन्द्र सिह पिता चित्रागंद सिंह किरार	106/1	3.597	0.050
		106/2	0.404	0.008
7	श्री रमेश कुमार पिता बाबूलाल किरार	39/2	0.065	0.012
		37/1	0.623	0.020
		37/2	0.623	0.003
8	रमेश कुमार पिता बाबूलाल	113/1	0.554	0.026
6	मुल्लू उर्फ डालचंद पिता अयोध्या प्रसाद	113/2	0.544	0.004
		113/3	3.028	0.000
10	आशीष कुमार पिता पूरन सिंह पटैल,	117/1	0.219	0.006
11	अजीत कुमार पटैल पिता इंदर सिंह	117/2	0.219	0.006
12	पुरूषोत्तम पिता दुलीचंद मेहरा	116	2.128	0.008
13	कैलाश पिता गनेश प्रसाद किरार	42/1	0.324	0.002
	योग			0.320

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक - एफ भोपाल दिनांक - एफ 16-15 (7) - 2014 - सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी (भू-अर्जन शाखा) कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं। सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर, और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी सव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय/ विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथ उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कक्ष क्रमांक- 84 भू अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेंदूखेड़ा में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा .) तेंदूखेड़ा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।

(शानू चौधरी) G-21291/26
अनुविभागीय अधिकारी
सह भू-अर्जन अधिकारी तेंदूखेड़ा

(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

कॉग्निजेंट ने क्लॉड मॉडल के लिए 25,000 से ज्यादा पेशेवर लगाए

- आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है कॉग्निजेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कॉग्निजेंट ने मंगलवार को ''क्लॉड फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप'' के गठन की घोषणा की। इस समूह में 25,000 से अधिक पेशेवर शामिल हैं, जो ग्राहकों के लिए क्लॉड सेवा उपलब्ध कराएंगे।

शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध आईटी कंपनी ने कहा कि यह समूह कार्यकुशलता, परिवर्तन और ग्राहकों की सफलता पर केंद्रित है तथा इसके पास उद्यमों के मुख्य कार्यों में एआई (कृत्रिम मेधा) को प्रायोगिक स्तर से निकालकर उत्पादन स्तर तक ले जाने की क्षमता है। उद्यमों के पास अत्याधुनिक एआई क्षमताएं तो हैं, लेकिन व्यावसायिक लाभ हासिल करने में उन्हें अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉग्निजेंट ने अपने पूरे कार्यबल में क्लॉड कौशल विकसित किया है। एंथ्रोपिक द्वारा निर्मित एआई सहायक क्लॉड पर कारोबारी इकाइयों और कॉरपोरेट कार्यों से जुड़े 44,000 से अधिक सहकर्मी पहले ही प्रशिक्षित या प्रमाणित हो चुके हैं। बयान में कहा गया, 'कॉग्निजेंट का नया क्लॉड फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप एक समर्पित वैश्विक क्लॉड आपूर्ति संगठन के रूप में 25,000 से अधिक पेशेवरों को एक साथ लाता है।'

जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ा...



नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील का अक्टूबर में एकीकृत कच्चे इस्पात का उत्पादन 19 प्रतिशत बढ़कर 25.73 लाख टन हो गया। कंपनी का कच्चे इस्पात का उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि में 21.68 लाख टन था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अक्टूबर में उसके भारतीय परिचालन का उत्पादन 19 प्रतिशत बढ़कर 24.86 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 20.85 लाख टन था। जेएसडब्ल्यू स्टील यूएसए-ओहायो ने अक्टूबर में 87,000 टन इस्पात का उत्पादन किया, जो एक साल पहले की समान अवधि के 83,000 टन से पांच प्रतिशत अधिक है।

एआई की दौड़ में भारत एक उभरती ताकत : बीसीजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कुशल पेशेवरों से मिल रही बाजार को मजबूती
- संभावित नुकसान का जोखिम भी अपेक्षाकृत कम

भारत कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां इस प्रौद्योगिकी को अपनाने की अच्छी तैयारी है और इसके संभावित नुकसान का जोखिम भी अपेक्षाकृत कम है। परामर्श कंपनी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

बीसीजी की 'एआई मैच्योरिटी मैट्रिक्स 2026' रिपोर्ट के मुताबिक, कुशल पेशेवरों और एआई विशेषज्ञों की बड़ी संख्या भारत को इस मामले में बढ़त देती है। रिपोर्ट में 75 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं का 33 मानकों पर आकलन किया गया है। इसमें भारत को चार श्रेणियों में दूसरी सबसे ऊंची श्रेणी 'राइजिंग कंटेंडर्स' यानी तेजी से उभरते दावेदारों में रखा गया है। इस श्रेणी के देश एआई अपनाने के लिए अच्छी तैयारी रखते हैं, लेकिन उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर इसके संभावित असर का जोखिम अपेक्षाकृत कम है। भारत में एआई विशेषज्ञों की बड़ी संख्या और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र का व्यापक कार्यबल उसकी प्रमुख ताकत है। अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कनाडा से लौट रहे भारतीय पेशेवर भी देश में एआई प्रतिभा का आधार मजबूत कर रहे हैं। यह ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब वर्ष 2025 में देशों के बीच एआई प्रतिभाओं के सीमापार स्थानांतरण में 12 प्रतिशत की गिरावट आई।

बीसीजी ने सरकार की एआई संबंधी प्रशिक्षण पहल का भी उल्लेख किया। 'युवा एआई फॉर ऑल' के तहत एक करोड़ नागरिकों को एआई का बुनियादी प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है।

राइजिंग कंटेंडर्स श्रेणी में ये देश शामिल

भारत के अलावा चिली, इंडोनेशिया, लिथुआनिया, न्यूजीलैंड, पोलैंड, तुर्किये और वियतनाम भी 'राइजिंग कंटेंडर्स' श्रेणी में शामिल हैं। वहीं, कनाडा, चीन, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका को एआई के क्षेत्र में सबसे अग्रणी देशों में रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एआई अब अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली एक स्थापित ताकत बन चुका है।

सोना 800 रु. टूटा व चांदी 5,000 रु. लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना टूटकर 1,45,600 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़ककर 1,87,500 रुपए प्रति किलोग्राम



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। दिवाली की छुट्टियों के कारण कारोबार सुस्त रहने से सोना 800 रुपये टूटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के कारोबारी सत्र में 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को इसकी कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतें भी दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद नीचे आईं।

जीवन बीमा निगम का नया प्रीमियम 26 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीवन बीमा कंपनियों ने अक्टूबर में नए कारोबार के प्रीमियम (एनबीपी) में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी वजह एकमुश्त और गैर-एकमुश्त प्रीमियम वाली पॉलिसियों, दोनों की अधिक बिक्री रही। जीवन बीमा परिषद की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में नया कारोबार बढ़कर 42,914 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 34,007 करोड़ रुपये था। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अक्टूबर में नए प्रीमियम के रूप में 25,316 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि अक्टूबर 2025 में यह राशि 19,274 करोड़ रुपये थी।

- चौथी तिमाही तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आएगी गिरावट

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर ▪ ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2026-17R, दिनांक 06.11.2026
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लि... से निम्नलिखित कार्य करने के ... रों से निविदायें आमंत्रित करते ... नामः जबलपुर डिवीजन में व... 26 के अंतर्गत ट्रैक-संबंधित ... हेतु आवश्यक टीआरडी/ओ... कार्य स्थलः जबलपुर मण्ड... वधिः 12 माह। 4. कार्य क... वेल्यू): ₹ 48,67,855.3... लाख सड़सठ हजार आठ सौ... स पैसे मात्र)। 5. बयाना राशि ... निविदा जमा करने/खुलने ... एवं समयः 04.12.2026, 15.00 बजे/04.12.2026, 15.30 बजे। 7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईटः https://www.ireps.gov.in. 8. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई–निविदा आमंत्रित करते है। निविदा सूचना क्रमांकः जबल–एन–टेली–टेण्डर–2026–15. कार्य का नाम लोकेशन सहितः (1) PCE ऑफिस हेडक्वार्टर, जबलपुर में इंजीनियरिंग कॉन्फ्रेंस हॉल की मरम्मत/नवीनीकरण (टेलीकॉम का काम)। (2) जबलपुर डिवीजन में GM बिल्डिंग स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल (मंथन) का नवीनीकरण (टेलीकॉम का काम)। निविदा का अनुमानित मूल्यः ₹ 1,11,00,329.01. निविदा फार्म की कीमतः 00. कार्यालय का पताः मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। बयाना राशिः ₹ 2,22,000/-. समापन अवधिः 6 माह। निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक 04.12.2026 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

ई-बसों के संचालन और चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार से ग्रीन मोबिलिटी को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से प्रदेश में स्वच्छ और आधुनिक परिवहन को मिलेगा नया विस्तार



- वर्ष 2027 तक 1,100 बसों का बेड़ा तैयार करने का लक्ष्य
- यात्रियों को मिलेगी सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सफर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा ग्रीन मोबिलिटी को नई दिशा दे रही है। सात शहरों में 351 बसों के संचालन से शुरू हुई इस सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसों, डिजिटल टिकटिंग और आधुनिक तकनीक के माध्यम से परिवहन व्यवस्था को सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक बसों का बेड़ा बढ़ाकर 1,100 करना है। इसके लिए ई-बसों के संचालन के साथ चार्जिंग नेटवर्क, स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन सुविधाओं और आधुनिक डिपो का विस्तार किया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रदेश में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने इसके लिए बस संचालन, बिजली की जरूरत और यात्री सुविधाओं को जोड़कर प्रदेशव्यापी रूपरेखा तैयार की है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने, जरूरी सुविधाएं तैयार करने, पैसा जुटाने और बड़े स्तर पर सेवाएं शुरू करने की चुनौतियों का समाधान सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से किया जाएगा। नीतिगत सहयोग, निवेश के अवसर और साझा कार्ययोजना इसके प्रमुख आधार होंगे।

छह माह में नौ नए चार्जिंग केंद्र विकसित करने की योजना

आगामी छह माह में नौ नए चार्जिंग केंद्र विकसित करने की योजना है। इस कार्ययोजना के माध्यम से बसों की संख्या बढ़ाने के साथ उनके नियमित और निर्बाध संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। रूट और और परिवहन आवश्यकताओं की जरूरत के अनुसार इलेक्ट्रिक बसों के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाले दूसरे ईंधन विकल्पों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही शहरों के भीतर, शहरों के बीच, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

प्रमुख परिवहन मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन किए जाएंगे विकसित

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत ई-बसों के संचालन के लिए प्रमुख परिवहन मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएंगे। डिपो को पर्याप्त क्षमता वाले बिजली नेटवर्क से जोड़ने के साथ सौर सहित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। स्मार्ट चार्जिंग, बैटरी चार्जिंग और बिजली के बेहतर प्रबंधन से संचालन को अधिक भरोसेमंद बनाया जाएगा। इसके साथ बैटरी बदलने की सुविधा, सुरक्षित रखरखाव, पर्यावरण के अनुकूल बस टर्मिनल और आधुनिक परिवहन केंद्र विकसित किए जाएंगे। चार्जिंग, ऊर्जा आपूर्ति और बस संचालन की योजना एक साथ तैयार की जाएगी, ताकि बढ़ते बेड़े की जरूरतें समय पर पूरी की जा सकें।

तकनीक से समय पर और भरोसेमंद सेवा

प्रदेश स्तरीय इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), जीपीएस आधारित निगरानी, एकीकृत टिकटिंग और यात्री सूचना प्रणाली से बस सेवाओं को जोड़ा जाएगा। यात्रियों को बसों की लोकेशन और सेवा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ संचालन के आंकड़ों का नियमित विश्लेषण किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल तकनीक से बसों की उपलब्धता, समय पर संचालन और सेवा की गुणवत्ता बेहतर करने में मदद मिलेगी। एनसीसी (नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट) और तय नतीजों पर आधारित अन्य संचालन मॉडल में इस बात पर जोर रहेगा कि बसें अधिक समय सेवा के लिए उपलब्ध रहें। सुरक्षा मानकों का पालन हो। संचालन व रखरखाव बेहतर तरीके से हो।

एमपी में बस सेवाओं की गुणवत्ता और राजस्व की होगी कड़ी निगरानी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के तहत संचालित बस सेवा की निगरानी करेगी। योजना के तहत चल रही परिवहन सेवाओं का प्रभावी अधीक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन करेगी। बसों के संचालन से होने वाली राजस्व संग्रहण और वित्तीय पारदर्शिता की नियमित समीक्षा करेगी। यह समिति राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी, सहायक क्षेत्रीय कंपनियों और जिला स्तरीय यात्री परिवहन समितियों के माध्यम से राज्य में सुगम, सुरक्षित, दक्ष एवं विनियमित परिवहन सेवा की समीक्षा कर सुधार के लिए अनुशंसाएं भी करेगी। बस परिवहन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर (अधोसंरचना) के निर्माण, संचालन, रखरखाव और उसके अपग्रेडेशन के लिए आवश्यक सलाह देगी। बस सेवाओं की गुणवत्ता और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार को सुझाव भी देगी।

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित

डीजीपी ने मप्र पुलिस की 'सांख्यिकी डाटा पुस्तिका 2025' का किया विमोचन

भोपाल। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने आज पुलिस मुख्यालय में मप्र पुलिस की 'सांख्यिकी डाटा पुस्तिका-2025' का विमोचन किया। यह पुस्तिका मध्यप्रदेश पुलिस की संगठनात्मक संरचना, स्वीकृत बल, उपलब्ध संसाधनों एवं कार्यक्षमता का समग्र चित्र प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज है। इसमें वर्ष 2025 के दौरान पुलिस संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण सांख्यिकीय जानकारियों को संकलित कर सरल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तिका में एक जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक की अवधि के आंकड़ों को शामिल किया गया है। इसके नवीनतम संस्करण को अधिक उपयोगी, तथ्यपरक एवं व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से अनावश्यक एवं दोहराव वाले आंकड़ों को हटाकर महत्वपूर्ण जानकारियों को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही जटिल सूचनाओं को सरल एवं व्यवस्थित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित इकाइयों को आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध हो सकेगी।

पुस्तिका में समाहित प्रमुख सांख्यिकीय जानकारियां एवं महत्वपूर्ण तथ्य

वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के स्वीकृत बल में कुल 2,673 नवीन पदों की वृद्धि हुई है। इनमें तकनीकी सेवाएं (एफएसएल) के 1,266, पुलिस बैंड के 932, हॉक फोर्स के 325 तथा जिला बल उज्जैन के 150 पद शामिल हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में पुलिस के आवासीय परिसरों के प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 1211.34 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

सिंहस्थ क्षेत्र में किए जाएंगे स्थाई और पक्के निर्माण कार्य, बनेंगी पक्की सड़कें

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी और पक्के निर्माण कार्य किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में पक्की सड़कें बनाई जाएंगी और पेयजल व सीवेज की लाइनें बिछाई जाएंगी, ताकि सिंहस्थ के दौरान साधु-संतों को किसी तरह की परेशानी न हो। घाटों के ऊपरी हिस्से में श्रद्धालुओं के पैदल चलने के लिए रास्ता बनाया जाएगा। त्रिवेणी से सिद्धवट तक सीवेज लाइन डाली जाएगी, जिससे शहर का गंदा पानी शिप्रा नदी में नहीं मिलेगा। डॉ यादव मंगलवार को उज्जैन में 1211.34 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ के लिए उज्जैन में लगातार विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। उज्जैन की पौराणिक पहचान अंगारेश्वर से भी है। आज यहां के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है।





उज्जैन मं विकास कार्यों का भूमिपूजन करते सीएम।

- प्रदेश के उज्जैन में तीर्थाटन में हुई वृद्धि से बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा

विकास से उज्जैन में सम्पूर्ण बदलाव

सीएम ने कहा कि मप्र सहित देशभर में धार्मिक पर्यटन को गति दी जा रही है, उज्जैन में तीर्थाटन में हुई वृद्धि से बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। वर्ष 2022 के बाद उज्जैन, तीर्थ क्षेत्रों के विकास में सम्पूर्ण बदलाव हुआ है। सरकार ने उज्जैन सहित प्रदेश के टियर 2 शहरों में अधोसंरचना विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्व-त्योहारों को भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिनमें प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से सहभागी बन रही है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सिंहस्थ कुंभ 12 वर्ष में एक बार आता है। उज्जैन में उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ गढ़कालिका माता के तीर्थ क्षेत्र में भी विकास कार्यों का भूमि-पूजन हो रहा है।

जू एंड रेस्क्यू सेंटर का भूमि-पूजन 17 को

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में 17 नवंबर को बहुप्रतीक्षित जू (चिड़ियाघर) और रेस्क्यू सेंटर का भूमि-पूजन किया जाएगा। उज्जैन में सड़कों के चौड़ीकरण कार्य के लिए स्वेच्छा से अपना मकान छोड़ने वाले परिवारों को मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार जिनकी दुकानें टूटी हैं, उन्हें उज्जैन की खाली जमीन पर मार्केट विकसित कर दुकानें दी जाएंगी। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए किसानों को जमीन अधिग्रहण के 4 गुना मुआवजा के चेक प्रदान किए गए हैं। हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ, सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने शहडोल दुर्घटना पर व्यक्त किया गहरा शोक, मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृत

- रेडक्रॉस से प्रत्येक परिवार को 25-25 हजार रुपए की तत्काल सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शहडोल जिले में तालाब में डूबने से तीन किशोरों के निधन की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में परिवारजन के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत किशोरों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना बाबा महाकाल से की है।

घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने घटना की गंभीरता को देखते हुए दुर्घटना की जांच के लिए अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की है। समिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन को सदस्य बनाया गया है। समिति घटना के सभी पहलुओं की जांच कर तीन दिवस के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

मप्र में सरकार और समाज ने मिलकर किए गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम

धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण राज्य के रूप में उभर रहा मप्र



वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा में शामिल हुए सीएम।

- अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन
- मुख्यमंत्री ने किए देव दर्शन, मीडिया से भी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थान बनाकर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण राज्य बनकर उभर रहा है। मप्र में गौमाता के संरक्षण के लिए कांजी हाऊस के स्थान पर 10 हजार गायों की देखभाल के लिये हाईटेक गौशालाएं प्रारंभ की जा रही हैं। राज्य में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। समाज और सरकार ने मिलकर प्रकृति के पूजन के इस त्यौहार को उत्साह के साथ मनाया है। मुख्यमंत्री वाराणसी में मंगलवार की शाम आयोजित अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

भगवान श्रीकृष्ण थे लोकतंत्र के नायक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण लोकतंत्र के नायक थे। उनका जीवन धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अन्याय के विरूद्ध सत्य की लड़ाई लड़ते हुए वे विजयी हुए। उन्होंने पूरे जीवन में साहस और मुस्कराकर जीने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद डीपी यादव, उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल, उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर यादव, संयोजक गोपाल यादव, शिवनाथ यादव ने भी संबोधित किया।

दो साल पहले बेटे की हुई थी असामयिक मौत

बेटे की मौत से दुखी महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पुरानी बस्ती रानी रोड क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां निवासरत 50 वर्षीय महिला गीता तंवर उर्फ गीता बाई कंवर ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला दो साल पहले हुई अपने बेटे की मौत के बाद से लगातार दुखी चल रही थी और अकेलेपन से जूझ रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका गीता तंवर शहर के पुरानी बस्ती रानी रोड में निवासरत थी। उसका बेटा दो साल पहले खत्म हो गया था, जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। परिजनों और पड़ोसियों ने बताया कि दिवाली के त्योहार पर उसने बेटे के बगैर घर सूना लगने की बात कहते हुए अपनी परेशानी जाहिर की थी। वह अक्सर गुमसुम रहती थी और बेटे को याद कर दुखी रहती थी। बताया जा रहा है कि महिला ने अपने घर के सामने वाले कमरे में लगे लोहे के एंगल पर साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। काफी देर तक जब घर से कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों की नजर पड़ी। उन्होंने अंदर देखा तो महिला फंदे पर लटकी हुई मिली। तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।



प्रथम दृष्टया बेटे का सदमा ही आत्महत्या का कारण

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली के रानी रोड में एक घटना हुई थी, जिसमें गीता बाई कंवर ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया पता चला है कि महिला का पुत्र दो साल पूर्व खत्म हो गया था, जिसके बाद से वह अकेली रह रही थी और आज उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि मामले को संदिग्ध मानते हुए मर्ग कायम किया गया है। परिजन बेटे की मौत के सदमे को ही आत्महत्या का कारण बता रहे हैं। वहीं पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है कि उसने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया है। फिलहाल शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की विवेचना की जा रही है।

जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म की वारदात तीन में से दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना मंगलवार को गांव में गोवर्धन पूजा के बाद हुई। उस समय एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान तीन युवक बच्ची को अपने साथ ले गए थे। इनमें से एक युवक ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। अन्य दो युवक आसपास के लोगों की निगरानी कर रहे थे। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एक अन्य फरार युवक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। यह घटना जेवरा सिरसा के समोदा गांव में हुई थी। मंगलवार की देर रात वहां रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम चल रहा था।

- चल रहा था रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम



एक ने किया रेप, दो कर रहे थे निगरानी

पुलिस ने नाबालिग बच्ची का बयान दर्ज किया है। पुलिस की जांच में यह जानकारी सामने आई है। बच्ची को अपने साथ ले जाने वाले युवकों में से एक ने दुष्कर्म किया। बाकी दोनों युवक उस समय निगरानी कर रहे थे। पुलिस अन्य दोनों युवकों की भूमिका की भी जांच कर रही है। बच्ची के बयान के बाद कई तथ्य सामने आए हैं। इन तथ्यों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बस में सवार थे 20-25 यात्री, सभी सुरक्षित

चलती हुई बस में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा में एक चलती यात्री बस में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। बस के गियर बॉक्स में आग लगने के बाद केबिन में धुएं का गुबार भर गया। धुआं उठता देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि चालक की सूझबूझ और तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार सभी 20 से 25 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

यह घटना कटघोरा तहसील चौक की है। जानकारी के अनुसार यादव ट्रेवल्स की बस कोरबा से बिलासपुर जा रही थी। बस जब तहसील चौक के पास पहुंची तो अचानक गियर बॉक्स से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते केबिन में धुएं का गुबार भर गया। धुएं की गंध आते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया और सभी यात्रियों को तुरंत नीचे उतरने के लिए कहा। गनीमत रही कि आग गियर बॉक्स तक ही सीमित रही और उसने पूरी बस को अपनी चपेट में नहीं लिया। कटघोरा तहसील चौक पर करीब 15 मिनट तक बस का गियर बॉक्स सुलगता रहा।

मौके पर जुटी भीड़, वाहनों की लगी कतार

स्थानीय लोगों और चालक-परिचालक ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर वाहनों की कतार भी लग गई। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों ने बस से बाहर निकलने के बाद राहत की सांस ली। बाद में सभी यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य बिलासपुर के लिए रवाना किया गया।

कोयले का सरकारी टेंडर दिलाने का दिया झांसा

सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर होटल व्यापारी ने की कारोबारी से 15 लाख रुपए की ठगी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले के एक कारोबारी से सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। रायपुर के होटल कारोबारी दीपक उर्फ अंबेडकर टंडन के खिलाफ सक्ती सिटी कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आरोप है कि आरोपी ने बड़े अधिकारियों से पहचान और पहुंच होने का हवाला दिया था। उसने कोयले का बड़ा सरकारी टेंडर दिलाने का भरोसा दिलाया। इसी बहाने उसने कारोबारी किशन शर्मा से 15 लाख रुपये ले लिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशन शर्मा सक्ती के वार्ड नंबर 6 गुरुद्वारा वार्ड निवासी हैं। वे ट्रांसपोर्टिंग और कोयले का कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की।

शिकायत में बताया गया कि मार्च 2022 में दीपक टंडन ने उनसे संपर्क किया था। दीपक टंडन ने उच्च अधिकारियों से अपनी पहचान होने की बात कही। किशन शर्मा ने उसकी बातों में आकर चेक के माध्यम से कुल 15 लाख रुपये का भुगतान किया।



आरोपी ने सुरक्षा के तौर पर चैक भी दिए

आरोपी ने गारंटी के तौर पर दो चेक दिए थे। इनमें एचडीएफसी बैंक का 4 लाख रुपये का चेक क्रमांक 009268 शामिल था। एक ब्लैंक चेक क्रमांक 000013 भी दिया गया था। बाद में पीड़ित ने बैंक से चेक और खाते के संबंध में जानकारी ली। तब पता चला कि आरोपी का संबंधित बैंक खाता कई साल पहले ही बंद हो चुका था।

खबर संक्षेप

चाकू लेकर लोगों को डरा रहा था आदतन अपराधी

कटनी। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुड़वारा रेलवे स्टेशन की पार्किंग के पास चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आदतन अपराधी सुमित जाटव उर्फ नाबालिग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बटनदार चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली राखी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी सुमित जाटव उर्फ नाबालिग थाना कोतवाली क्षेत्र का आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व से ही गंभीर प्रकृति के 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास बटनदार चाकू लेकर घूम रहा था तथा ऑटो चालकों को चाकू दिखाकर डरा-धमका रहा था। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, चौकी प्रभारी खिरहनी उनि. किशोर द्विवेदी, प्र.आर. रामपाल बागरी, सुनील सिंह, आर. चंद्रभान मौर्य एवं विकास राय की भूमिका रही।

ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय प्रारंभ नहीं करने वालों को जारी करें नोटिस

कटनी। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन, अमीरगंज तालाब की सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने, ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय प्रारंभ नहीं करने वाले आवंटियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि 2.0, स्ट्रीट वेंडर योजना एवं समग्र ई-केवाईसी के लंबित प्रकरणों पर भी समयबद्ध कार्रवाई करने को कहा। नवनिर्मित चौपाटी में दुकानों के आवंटन के लिए आरक्षण प्रक्रिया को गति देने,आईएचएसडीपी योजना के तहत आवासों में अवैध रूप से निवासरत हितग्राहियों की प्रचलित जांच शीघ्र पूर्ण कर नवंबर माह के अंत तक पात्र हितग्राहियों को भवन आबंटन की कार्यवाही पूर्ण करने तथा बजट संबंधी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

अहीरों की टोलियों ने बिखेरी दिवारी नृत्य की छटा



स्लीमनाबाद। दीपावली के साथ ही ग्रामीण अंचलों मैं अहीरों के दिवारी नृत्य की छठा गांव -गांव देखने को मिल रही है। ग्रामीण अंचलों मैं प्रतिदिन दिवारी नृत्य देखने को मिल रहा है।बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्राम महंगवा मैं मंगलवार को पारंपरिक दिवारी नृत्य का कार्यक्रम किया गया।जहां अहीरों के द्वारा रंग-बिरंगे परिधान पहनकर दिवारी नृत्य किया।जिसमे तुलसी बिरबा बाग मैं ,सींचत मैं कुम्हलाय, राम भरोसे जे रहे ,पर्वत मैं हरिहाय। राम नाम सब कोई कहे दसरथ कहे न कोय, एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय।इस प्रकार की सुमधुर चौपाइयों की टेर,मादल की थाप से ग्वालों ने दिवाली नृत्य की प्रस्तुति दी।इस मौके पर पहले गौ वंश की रक्षा व गांव की खुशहाली के लिए गौरैया बाबा का पूजन किया।एक दिन पहले छाहुर से घर घर जाकर लोगो को जगाया गया।वही गौवंश की रक्षा के लिए विशेष पूजन किया गया।तदोपरांत गाय की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई ।इस दौरान राजेंद्र यादव,वीरेंद यादव, कमलेश यादव,राजकुमार यादव, लल्लू यादव,भोला यादव,हेमराज यादव, राजेश राजपाल,नीरज पटेल,अभिषेक राजपाल सहित गांव के अन्य जन मौजूद रहे।

जगदीश स्वामी मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव

कटनी। जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री जगदीश स्वामी मंदिर समिति के तत्वावधान में शाम 5 बजे से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भगवान श्री जगन्नाथ जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रभु की महाआरती की गई।

निगमायुक्त ने राजस्व वसूली में तेजी लाने एवं लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

प्रशासनिक कसावट: फायर सेफ्टी मानकों के उल्लंघन अवैध कॉलोनियों एवं जर्जर भवनों पर करें सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचाना, नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा शहर की सुरक्षा एवं मूलभूत व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने के लिए विशेष अभियान चलाते हुए बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन कराने, अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा जर्जर भवनों के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के साथ ही विभागीय कार्यों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की शाखावार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया।

अग्नि सुरक्षा में लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

निगमायुक्त ने शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सर्वोपरि है। शहर के कोचिंग संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं बहुमंजिला भवनों में निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए। संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच करें तथा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई प्रस्तावित करें। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा संबंधी कार्यवाही महज औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी क्रम में जर्जर भवनों के मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने तथा अवैध कॉलोनियों के नवीन प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए।

तीन दिन में शिकायतों का निराकरण करने दिये निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की शाखावार समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने सभी लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए उनके निराकरण में गंभीरता बरतने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि लेवल अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा करें तथा सी एवं डी ग्रेड में आने वाली शाखाएं विशेष प्रयास कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करते हुए ए ग्रेड में आएं। महापौर जनसुनवाई एवं कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए तीन दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।

राजस्व वसूली में लाएं तेजी, नामांतरण प्रक्रिया रहे ऑनलाइन

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान दैनिक वसूली 6.20 लाख रुपये पाए जाने पर निगमायुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शत-प्रतिशत डिमांड नोटिस वितरित करने, बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उनसे प्रतिदिन संपर्क करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दैनिक वसूली सुनिश्चित करने को कहा। नामांतरण शाखा की समीक्षा में बताया गया कि 31 जुलाई से 6 नवंबर तक कुल 707 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 580 का निराकरण किया जा चुका है तथा 127 प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं। निगमायुक्त ने शेष प्रकरणों में समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने तथा प्रत्येक प्रकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शहर की दैनिक सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता मित्रों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान वार्ड क्रमांक 5, 8, 10, 31 एवं 32 में 90 प्रतिशत से कम उपस्थिति पाए जाने पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों को जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा संबंधित वार्ड दरोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक वार्ड की निर्धारित सफाई बीट की जानकारी प्रस्तुत करने एवं उसी के अनुरूप नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। स्टोर वेरिफिकेशन की कार्रवाई 30 नवंबर तक पूर्ण नहीं करने पर गठित दल के सदस्यों तथा बिना पूर्व सूचना बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

पंचायत दर्पण पोर्टल पर जीएसटी नियमों का पालन अनिवार्य

कटनी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने पंचायतों में वित्तीय लेन-देन को पारदर्शी एवं शासन के जीएसटी नियमों के अनुरूप संचालित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों द्वारा सामग्री एवं सेवाएं प्रदान करने वाले सभी वेंडरों का पंचायत दर्पण पोर्टल पर नियमानुसार पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए तथा प्रत्येक भुगतान में जीएसटी संबंधी प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट किया कि शासन के जीएसटी नियमों के पालन के लिए समस्त संबंधित पंचायतों का जीएसटी डिडक्टर के रूप में पंजीयन कराया जाना आवश्यक है। साथ ही सामग्री एवं सेवा प्रदाता वेंडरों का जीएसटी नंबर सहित पंचायत दर्पण पोर्टल पर पंजीयन किया जाए। वेंडरों से प्राप्त होने वाले देयक एवं बिल जीएसटी सहित अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं तथा नियमानुसार 2 प्रतिशत टीडीएस की कटौती करने के बाद ही भुगतान की कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वेंडरों का पंजीयन नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए।

बांके बिहारी भगवान को अर्पित किए गए 56 भोग, धूमधाम से मना अन्नकूट महोत्सव

31 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाया लघु वृन्दावन धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज मैं दीपोत्सव पर्व भव्य रूप से मनाया गया।साथ ही मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव भव्यता के साथ मना।दीपो की रोशनी से लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज जगमगा उठा।आतिशबाजी से गगन मैं सतरंगी छठा बिखेरी। श्री राधाकृष्ण मंदिर लघुवृंदावन धाम बांधा 31 हजार दीपों की रोशनी से मंगलवार को जगमगा उठा।

ग्वालों ने दी प्रस्तुतियां

भगवान मुरलीमनोहर को विद्वान आचार्य पं अनिल शास्त्री की उपस्थिति मैं भगवान के गर्भगृह में इक्कीस दीपो को अर्पित करने के पश्चात सेवकों तथा क्षेत्र से पधारे भक्तों के द्वारा इक्तीस हजार दीप प्रज्वलित कर भेंट किए गए। उस समय ऐसा नजारा था मानो लघु वृंदावन धाम बांधा मंदिर अवध की रोशनी से स्नान कर रहा है, इस परम आनंदमय स्वरूप के दर्शन से उपस्थित जनसमूह के नेत्र सजल हो गए। समीपस्थ गाँव क़े गोप ग्वालो के द्वारा ग्वाल नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे ब्रजधाम की अनुभूति हुई साथ ही भगवान श्रीकृष्ण जी के गिरी स्वरूप गिरिराज,गोवर्धन जी का पूजन किया।जिसमें गोवर्धन पर्वत को दूध,दही,केशर,घृत,इत्र आदि द्रव्यों से पूजा की गई व छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया।

भजनों की सुमधुर प्रस्तुति

अन्नकूट महोत्सव पर श्री गोवर्धन महाराज ,गिरिराज थारे माथे मुकुट विराज रहा भजन से परिसर गुंजायमान हो उठा।साथ ही सुंदर भजन संकीर्तन को प्रस्तुति हुई। सायं 8 बजे भगवान मुरलीमनोहर, आदि शक्ति मां गायत्री, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य दीप महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई। आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया।

इस दौरान नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, ओमप्रकाश दुबे आदि के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे भक्तों की उपस्थिति रही।

जिले के लिये 430 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की रैक पहुंची



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नीम कोटेड यूरिया की एक और रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 430 मीट्रिक टन यूरिया मिलेगी। जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय ने बताया कि कटनी डबल लॉक केन्द्र को 50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढ़ीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी। इससे जिले के किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीईओ को सौंपी जिम्मेदारी, स्कूल-कॉलेजों को क्लब गठन के लिए करेंगे प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के नए और भावी मतदाताओं में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब (ELCs) के पंजीयन और ऑनबोर्डिंग कराये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जारी आदेश के अनुसार मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में बीईओ श्रीमती सौम्या असाटी, बड़वारा में बीईओ एस.एम. सिंह, विजयराघवगढ़ में बीईओ आनंद कुमार कोरी तथा बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में बीईओ ज्ञानेन्द्र कुलेश को नोडल अधिकारी एवं समन्वयक बनाया गया है। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाचन साक्षरता क्लबों के पंजीयन, ऑनबोर्डिंग और उनकी गतिविधियों की निगरानी करेंगे।

स्कूल-कॉलेजों में क्लब गठन के लिए करेंगे प्रेरित

नोडल अधिकारियों को अपने विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों, महाविद्यालयों और तकनीकी महाविद्यालयों को निर्वाचन साक्षरता क्लब के गठन एवं पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को क्लब के उद्देश्य, महत्व और गतिविधियों की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता एवं संचार गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी निर्वाचन साक्षरता अभियान से जुड़ सकें।

निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों और नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, मताधिकार के महत्व तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी जाती है। ELC 2.0 के तहत क्लबों का मॉड्यूल आधारित पंजीयन, ऑनबोर्डिंग और गतिविधियों की निगरानी निर्वाचन आयोग के ELC पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

नियुक्त नोडल अधिकारियों को ELC 2.0 की कार्यप्रणाली का अध्ययन कर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाए रखते हुए क्लबों के पंजीयन और गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

निर्माणाधीन चौपाटी के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

निगमायुक्त ने निरीक्षण कर दी हिदायत, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बुधवार प्रातः निर्माणाधीन चौपाटी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता, नागरिक सुविधाओं एवं चौपाटी की सुंदरता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने चौपाटी में निर्मित की जा रही दुकानों की लंबाई-चौड़ाई, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, काउंटर स्थल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। सहायक यंत्री अनिल जायसवाल ने जानकारी दी कि चौपाटी में कुल 52 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें 185.61 वर्ग फीट की 10 दुकानें, 156.02 वर्ग फीट की 22 दुकानें तथा 56.70 वर्ग फीट की 20 दुकानें शामिल हैं। दुकानों के अतिरिक्त पर्याप्त स्थल नागरिकों की सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रिक्त रखा गया है।

निगमायुक्त ने चौपाटी के रिक्त परिसर का निरीक्षण करते हुए यहां आने वाले नागरिकों के वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही महानगरों की तर्ज पर चौपाटी को आकर्षक एवं सुविधाजनक स्वरूप प्रदान करने के लिए मानक स्तर का पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य, आकर्षक बैठक व्यवस्था, समुचित प्रकाश, स्वच्छता, जल निकासी एवं परिसर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि चौपाटी का निर्माण केवल दुकानों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे ऐसा सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल बनाया जाए, जहां नागरिक परिवार सहित सहजता से समय व्यतीत कर सकें।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शेष निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करते हुए नववर्ष में नगरवासियों को चौपाटी की सौगात उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जरूरतमंदों को सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण रात्रि विश्राम उपलब्ध कराने कवायद

बढ़ती ठंड एवं शीतलहर से बचाने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शीतलहर के दौरान शहर में कोई भी जरूरतमंद नागरिक खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर न हो, इसके लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा रैन बसेरा की व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने रात्रि में बस स्टैंड स्थित निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री पाठक ने रैन बसेरा में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, गर्म कपड़ों सहित रात्रि विश्राम के लिए उपलब्ध अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वहां संधारित उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण कर केयरटेकर से रात्रि विश्राम करने वाले नागरिकों की संख्या एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि यहां पहुंचने वाले प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण में ठहरने की सुविधा मिल सके।

निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने रैन बसेरा में रात्रि विश्राम कर रहे नागरिकों रैपुरा निवासी सुखराम बर्मन एवं रमता पटेल से आत्मीय संवाद कर उनका परिचय प्राप्त किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने ठहरे हुए नागरिकों से साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। नागरिकों द्वारा रैन बसेरा में उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया गया कि उन्हें यहां रुकने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

खुले आसमान के नीचे रात्रि गुजर से मिल रही राहत

उल्लेखनीय है कि शीतलहर का प्रभाव बढ़ने के साथ ही नगर निगम प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों एवं बाहर से रोजगार की तलाश में आने वाले यात्रियों को सुरक्षित रात्रि आश्रय उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि शीतलहर के दौरान किसी भी जरूरतमंद को खुले आसमान के नीचे रात बिताने की विवशता न हो और प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आश्रय मिल सके।

रैन बसेरा पहुंचाने की सुविधा

नगरीय प्रशासन का दायित्व केवल शहर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद एवं बेसहारा नागरिकों के प्रति मानवीय संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए उन्हें सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना भी है। इसी भावना के अनुरूप निगम प्रशासन द्वारा रात्रिकाल में खुले आसमान के नीचे सो रहे जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पहल की जा रही है।

फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे रात्रि गुजर को मजबूर जरूरतमंद नागरिक को निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा अपने वाहन के माध्यम से बस स्टैंड स्थित निगम के रैन बसेरा पहुंचाया गया।



बहनों ने भाई के तिलक लगाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलों में बुधवार को भाई-दूज पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाई के ललाट पर मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और आरती उतारी तो भाईयों ने भी बहन को उपहार प्रदान किए। दीपोत्सव पर्व के अंतिम दिन भाई-दूज मनाने का दौर दिनभर चलता रहा। भाई-दूज पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन हुआ। बुधवार को भाईदूज के चलते भाईयों का बहनों के यहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। धनतेरस से लेकर बुधवार भाई दूज तक कई जगह विभिन्न समाजों के सामूहिक मिलन समारोह हुए। वही स्लीमनाबाद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक एक-दूसरे के घर जाकर लोगों ने दीपावली की शुभकामनाएं देकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया।

भाईदूज पर्व को लेकर वाट्सअप, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया के जरिए भी बधाईयां देने का क्रम जारी रहा।



मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

लाइफ Style

अनुष्का

'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती हैं।

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।



हॉलीवुड मसाला



थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।



हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है।



'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

टीवी मसाला

एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं। प्रोमो के मुताबिक, इस पूरे फसाद की शुरुआत माही विज द्वारा की गई एक टिप्पणी से हुई थी। दरअसल, माही विज ने घर के सदस्य काजी तौकीर और मनीष गोयल के साथ बातचीत के दौरान लव गिल के लिए 'होमब्रेकर' (घर तोड़ने वाली) शब्द का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस बातचीत के दौरान लव वहां मौजूद नहीं थीं। लेकिन, बाद में जब लव गिल को इस बात का पता चला, तो उन्होंने सीधे माही विज के सामने आकर सवाल दाग दिए और दोनों के बीच विवाद गरमा गया। प्रोमो में दिखाया गया है कि लव गिल द्वारा पर्सनल सवाल पूछे जाने पर माही विज काफी परेशान हो जाती हैं। माही स्पष्ट लहजे में लव से कहती हैं, मेरे डिवोर्स (तलाक) पर बात मत करो। इस पर अपना बचाव करते हुए लव गिल जवाब देती हैं, जैसे इन्होंने मेरे लिए एक वर्ड बोला 'होमब्रेकर'' लव के मुंह से अपनी पर्सनल लाइफ और शादी का जिक्र सुनते ही माही विज बेहद इमोशनल हो जाती हैं और रोते हुए वहां से हटने लगती हैं।



शो 'शांति' सब पर पड़ गया था भारी

नई दिल्ली। दूरदर्शन के कई ऐसे शो थे जिन्होंने दर्शकों का ना सिर्फ दिल जीता था, बल्कि इनके किरदारों ने घर-घर में अपनी जगह बना ली थी। अब हम आपको दूरदर्शन के ही एक ऐसे शो के बारे में बताने वाले हैं जिसने 90 के दशक में अपनी एक अलग छाप छोड़ दी थी। इतना ही नहीं इस शो ने कई बाकी शोज तक को बड़ा कॉम्पटीशन दिया था। जिस शो की हम बात कर रहे हैं वो 1994 में आया था। शो में मंदिरा बेदी लीड रोल में थीं। मंदिरा ने इसमें पत्रकार का किरदार निभाया था। यह शो दोपहर में 2.30 बजे आता था और जब ये शो आता था तो दर्शक खासकर महिलाएं इसे देखने के लिए सारा काम छोड़कर बैठ जाती थीं। इस शो को लेकर जबरदस्त क्रेज था। बच्चे भी स्कूल से घर आकर इस शो को देखते थे। जिस शो की यहां बात हो रही है उसका नाम है शांति। शांति शो को आदि पोचा ने डायरेक्ट किया था और इसमें मंदिरा के अलावा मोहिनी शर्मा, राजेश तायलांग, अमित बहल, अनूप सोनी, यतिन कार्येकर, अमर तलवार भी थे।



ऋतिक ने वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में छोड़ी भारत की छाप, बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स में आयोजित '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। इस मशहूर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इस इवेंट में हॉलीवुड, संगीत और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। ऋतिक के साथ काइली जेनर, किम कार्दशियन और निकोल किडमैन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम में ऋतिक की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक अहम पल रही। इस मौके पर ऋतिक रोशन ने एक शानदार, पूरी तरह से काले रंग का कस्टम-टेलर सूट पहना। उनका लुक सादा होने के बावजूद काफी स्टाइलिश था, जिसने रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचा। '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' की सह-अध्यक्षता ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और लैक्मे की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। ये दोनों लगातार 15वें साल इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। 2011 में इस गाला की शुरुआत के बाद से ही, वे हर साल इसके सह-अध्यक्ष रहे हैं। किम कार्दशियन और काइली जेनर ने भी अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचा। गाला में जूलिया गार्नर, सलमा हायेक, अन्या टेलर-जॉय, एंड्रयू गारफील्ड और मिशेल योह नजर आईं।



मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं। इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है।



फिल्म में पहली बार दुर्गा ने प्ले किया था सीता का रोल

100 साल के मनोरंजन के इतिहास में ये 9 एक्ट्रेस बनी हैं सीता

नई दिल्ली। बॉलीवुड में 100 साल में रामायण माइथोलॉजी पर कई फिल्में और सीरियल्स बने हैं। इस दौरान 9 एक्ट्रेस रही हैं जिन्हें दर्शकों ने मां सीता के रोल में देखा है। रणबीर की रामायण में साई पल्लवी सीता बनी हैं। सिनेमा जगत की शुरुआत से ही रामायण जैसे महाकाव्य पर फिल्में बननी शुरू हो गई थीं। फिर जब छोटे पर्दे की शुरुआत हुई तो उसमें भी रामायण पर कई सारे सीरियल्स बनाए गए। यहां तक फादर ऑफ इंडियन सिनेमा के तौर पर मशहूर दादा साहेब फाल्के की दूसरी फिल्म लंका दहन भी रामायण पर बनी थी। लेकिन, इस फिल्म में एक हीरो ने ही मां सीता का रोल प्ले किया था। वहीं, किसी भी फिल्म में पहली बार सीता का रोल दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने प्ले किया था। वहीं, हाल ही में आई रामायण में ये किरदार साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने प्ले किया है।

दुर्गा : बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने साल 1934 में आई फिल्म सीता में मां सीता का रोल प्ले किया था। इसे मां सीता के जीवन पर केंद्रित कर के ही बनाया गया था। इसका निर्देशन देबकी कुमार बोस ने किया था। फिल्म में पृथ्वीराज कपूर भगवान राम के रोल में नजर आए थे. वहीं दूसरी तरफ लव के रोल में त्रिलोक कपूर नजर आए थे. इसके अलावा फिल्म में मुख्तार बेगम और गुल हामिद भी थे।

शोभना : साल 1943 में आई फिल्म राम राज्य में शोभना सामंत ने मां सीता का रोल प्ले किया था। इसमें प्रेम अदिब ने भगवान राम का रोल निभाया था। वहीं ऋषि वालमीकि के रोल में बद्री प्रसाद नजर आए थे. फिल्म का निर्देशन और निर्माण विजय भट्ट ने किया था वहीं इसका संगीत शंकरराव व्यास ने दिया था। फिल्म में अरुणा राय, बीना राय और कन्हैयालाल का भी रोल था।

अनीता : साल 1961 में बाबूभाई मिस्त्री ने एक फिल्म बनाई थी, जिसका नाम संपूर्ण रामायण था। 3 घंटे 3 मिनट की इस फिल्म में वसंद देसाई और भारत व्यास ने म्यूजिक दिया था। फिल्म में महीपाल ने भगवान राम का रोल किया था वहीं अनीता गुहा मां सीता के रोल में नजर आई थीं। फिल्म में ललिता पवार, अचला सचदेव और हेलेन भी थीं।



जया प्रदा : साल 1976 में रामायण माइथोलॉजी पर एक फिल्म आई थी जिसका नाम सीता कल्याणम था। ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम जैसी 3 भाषाओं में रिलीज की गई थी. फिल्म में रवि कुमार ने भगवान राम और भगवान विष्णु का रोल प्ले किया था। वहीं इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस जया प्रदा ने मां सीता और मां लक्ष्मी का किरदार निभाया था।

दीपिका : साल 1987 में आई रामानंद सागर की रामायण को अभी तक के इतिहास की सबसे पॉपुलर रामायण माना जाता है। इसे बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि सीरियल के फॉर्म में दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया था, जिसके 78 एपिसोड्स आए थे. इसमें दीपिका चिखलिया ने मां सीता का रोल प्ले किया था और उनके इस किरदार को आज भी मां सीता के तौर पर सबसे ऑथेंटिक और रिलेटेबल माना जाता है।

देबीना : टीवी की दुनिया में इसके बाद रामायण पर खूब काम हुआ। लेकिन, रामानंद सागर की रामायण के अलावा 2008 में आए रामायण सीरियल को ही सक्सेस मिली और पसंद किया गया. इसमें टीवी एक्ट्रेस देबीना बनर्जी ने मां सीता का रोल निभाया था और फैंस को भी उनका लुक पसंद आया था। इसमें गुरमीत चौधरी ने भगवान राम का रोल प्ले किया था।

साई : अब 2026 में 4000 करोड़ में बनी रामायण फिल्म में रणबीर कपूर ने भगवान राम का रोल प्ले किया है और साई पल्लवी इसमें मां सीता के किरदार में नजर आई हैं। फिल्म अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी मूवी मानी जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और नमित मल्होत्रा ने इसका निर्माण किया है।

नयनतारा : साल 2011 में साउथ की फिल्म राम राज्यम रिलीज की गई थी. इस फिल्म का निर्देशन बापू ने किया था। फिल्म का संगीत इल्लयाराजा ने दिया था। 2 घंटे 26 मिनट की ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम में रिलीज की गई थी. इसमें नंदमुरी बालकृष्णन ने भगवान राम का रोल प्ले किया था। वहीं फिल्म में एकानीनी नागेश्वर राव ने वाल्मीकि का रोल निभाया था।

कृति : साल 2023 में आई आदिपुरुष फिल्म 100 साल के इतिहास में रामायण पर बनी सबसे विवादित फिल्म साबित हुई थी. फिल्म रिलीज के पहले तो हाइप बंटोरने में सफल रही थी और 500 करोड़ के भारी-भरकम बजट में भी बनकर तैयार हुई थी।

खबर संक्षेप

डाबर ने लांच किया 'ट्रिपल एक्शन ऑन' अभियान

नई दिल्ली। डाबर इंडिया लिमिटेड ने डाबर च्यवनप्राश के लिए नया अभियान 'ट्रिपल एक्शन ऑन। रखे अंदर से स्ट्रॉन्ग।' लांच किया है। इस अभियान के जरिए कंपनी ने अपने आयुर्वेदिक फॉर्मूले और शरीर, अंगों व कोशिकाओं के तीन स्तरों पर सुरक्षा की अवधारणा को सामने रखा है। डाबर इंडिया के निदेशक श्रीराम पद्मनाभन ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य च्यवनप्राश को केवल सर्दियों में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद की छवि से बाहर निकालकर रोजमर्रा की स्वास्थ्य दिनचर्या का हिस्सा बनाना है।

पिरामल ने 12 ग्रामीण ऋण शाखाओं का विस्तार किया

भोपाल। मध्य प्रदेश में पिरामल फाइनेंस ने अपने कारोबार का विस्तार करते हुए 12 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। ये शाखाएं अब तक कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही थीं। इस बदलाव के बाद सभी शाखाओं का संचालन सीधे पिरामल फाइनेंस करेगी। कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे कारोबारियों को बेहतर एवं निर्बाध वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप ऋण सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने, मजबूत संबंध बनाने पर जोर दिया जाएगा।

अमेजन पे की 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स ' सेल आज से

मुंबई। अमेजन पे ने अपनी फ्लैगशिप सेल 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स 2026' की घोषणा की है। 12 से 26 नवंबर तक चलने वाली इस सेल में ग्राहकों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुकिंग पर 30 प्रतिशत और होटल बुकिंग पर 65 फीसदी तक की छूट मिलेगी। दिल्ली से बैंकॉक का हवाई किराया 12,299 रुपए, मुंबई से दुबई 13,999 रुपए और मुंबई से गोवा 3,099 रुपए से शुरू होगा। वहीं, होटल बुकिंग में 5-स्टार प्रॉपर्टी पर भी आकर्षक ऑफर मिलेंगे।

केएफसी ने पेश की नई कोरियन इंक्ड रेंज

नई दिल्ली। केएफसी इंडिया ने चिकन पसंद करने वालों के लिए अपनी नई 'कोरियन डंक्ड रेंज' पेश की है। इसमें कंपनी के खास कुरकुरे चिकन को कोरियाई स्वाद के साथ नए अंदाज में तैयार किया गया है। इस नई रेंज में क्लासिक जिंगर बर्गर, चिकन के टुकड़े, रसीले चिकन विंग्स और मसालेदार कुरकुरा चिकन शामिल हैं। यह रेंज 10 नवंबर 2026 से देशभर के 1,400 से अधिक केएफसी रेस्तरां में उपलब्ध होगी। ग्राहक इसे बैठकर खाने, पैक कराकर ले जाने और केएफसी की वेबसाइट, मोबाइल एप से मंगा सकेंगे।

ऊंची बोलियों ने किसानों और व्यापारियों में भरा उत्साह

भोपाल मंडी में कांटा पूजन के साथ नए कारोबारी साल का आगाज, बीते साल से 2 हजार ऊंचा बिका सोयाबीन

मुहूर्त सौदों में बरसे भाव, सोयाबीन 7401 रुपए तो धान 5151 रुपए क्विंटल के भाव पर नीलाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दीपावली की छुट्टियां खत्म होते ही करोंद कृषि उपज मंडी में नए कारोबारी साल का आगाज उत्साह और ऊंचे भावों के साथ हुआ। पांच दिवसीय दीपोत्सव अवकाश के बाद बुधवार को व्यापारियों ने विधि-विधान से कांटा पूजन किया और मुहूर्त सौदों में किसानों की उपज खरीदने के लिए जमकर बोलियां लगाईं। मुहूर्त नीलामी में सोयाबीन 7401 रुपए और धान 5151 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। ऊंचे भावों ने नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत को खास बना दिया। मुहूर्त सौदों में गेहूं 3011 रुपए और मक्का 2901 रुपए और चना 7200 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। इस बार सोयाबीन को सबसे ऊंची बोली मिली। किसानों की उपज के आकर्षक भाव मिलने से मंडी में उत्साह का माहौल रहा।

सोयाबीन 300 बोरी और धान की 60 ट्राली आवक

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि इस बार मुहूर्त सौदों में कृषि उपज के भाव अच्छे रहे, हालांकि मंडी में आवक अपेक्षाकृत कम रही। मक्का की करीब 250 बोरी, गेहूं की 300 बोरी, सोयाबीन की 300 बोरी और धान की 50 से 60 ट्रालियां मंडी पहुंचीं।


प्रतिष्ठान पर गेहूं व्यापारी संजीव जैन कांटा पूजन करते हुए

व्यापारी बोले: कारोबारी साल की शुरुआत अच्छे भावों से होना शुभ संकेत

कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुहूर्त सौदों में उपज के ऊंचे भाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद नए कारोबारी साल की शुरुआत अच्छे भावों से होना शुभ संकेत है। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिला है और मंडी में व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। व्यापारियों ने आगामी दिनों में मंडी में आवक बढ़ने और कारोबार में तेजी आने की संभावना जताई।


मंडी प्रागंण के शेड पर कृषि उपज की बोली लगाते व्यापारी

विधि-विधान से हुआ कांटा पूजन, व्यापार में उन्नति की कामना

व्यापारिक सीजन की शुभ शुरुआत के अवसर पर मेसर्स राजीव कुमार भैयालाल साहू के प्रतिष्ठान पर विधि-विधान और श्रद्धा के साथ कांटा पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर श्री राकेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूजन समारोह में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठान की उन्नति, व्यापार में निरंतर तरक्की और परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। धार्मिक परंपराओं के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में नए व्यापारिक सीजन के सफल और



आजाद मार्केट में अनाज व्यापारी कांटा पूजन करते हुए

दीपावली मिलन समारोह में व्यापारियों ने बांटी खुशियां

मुहूर्त सौदों के बाद एसोसिएशन भवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए नए कारोबारी साल में सुख-समृद्धि और बेहतर व्यापार की कामना की।

कार्यक्रम में भोपाल मंडी सचिव नरेश परमार, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली, चेंबर के संयोजित सदस्य प्रमोद जैन हिमांशु, रोहित जैन, राजेश जैन,निहालचंद मोटवानी, विजय आहूजा, एसोसिएशन पदाधिकारी महेन्द्र कुमार डागा चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, सुतेज जैन (लक्की), विनोद सकलेचा, दिलीप भूरानी, स्वदेश मंगल, राजीव जैन, प्रकाश भागचंदानी, सुधीर कुमार माहेश्वरी, रामबाबू अग्रवाल, नारायण दास मनवानी, रमेश लखानी, हरीश कुमार साहू, राजेश खंडेलवाल,


समारोह में दीपोत्सव की बधाई देते मंत्री विश्वास सारंग

नए नियमों से हजारों निर्माताओं को फायदा मिलने की उम्मीद

छोटे उद्योगों को राहत: अब जीएसटी में फंसा पैसा लौटाएगी सरकार, 90 फीसदी रिफंड तुरंत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

छोटे उद्योगों की सबसे बड़ी परेशानी यानी जीएसटी में फंसी पूंजी से अब काफी हद तक राहत मिलने वाली है। जीएसटी रिफंड के नए फार्मूले से उलटी कर व्यवस्था के तहत काम करने वाले छोटे और मध्यम उद्योगों को अब पहले से ज्यादा टैक्स वापस मिल सकेगा।

खास बात यह है कि अब केवल कच्चे माल पर चुकाया गया कर ही नहीं, बल्कि उत्पादन संबंधी सेवाओं और मशीनों पर जमा जीएसटी भी रिफंड के दायरे में आएगा। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के सचिव धीरज अग्रवाल ने बताया कि 57वीं जीएसटी परिषद की सिफारिश पर रिफंड व्यवस्था में यह अहम बदलाव किया गया है। इसका सीधा फायदा उन निर्माताओं को मिलेगा, जिनका पैसा हर महीने इनपुट टैक्स क्रेडिट के रूप में अटका रहता है।

पुरानी खरीद पर नहीं मिलेगा नए नियमों का लाभ

धीरज अग्रवाल ने साफ किया कि नए प्रावधान पिछली तारीख से लागू नहीं होंगे। 1 नवंबर 2026 से पहले ली गई सेवाओं और 1 अप्रैल 2027 से पहले खरीदी गई मशीनों पर इस नई व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल सेवाओं पर ज्यादा जीएसटी चुकाने से कोई कारोबारी रिफंड का हकदार नहीं बन जाएगा। इसके लिए कच्चे माल और तैयार उत्पाद की कर दरों में उलटफेर होना अनिवार्य है।



अप्रैल 2027 से मशीनों पर जमा टैक्स की भी वापसी

मशीनरी खरीदने वाले उद्योगों के लिए भी राहत का प्रावधान किया गया है। 1 अप्रैल 2027 से मशीनों और अन्य पूंजीगत सामान पर चुकाए गए जीएसटी को भी रिफंड में शामिल किया जाएगा। हालांकि यह रकम एकमुश्त नहीं मिलेगी, बल्कि 60 महीनों में बांटकर वापस की जाएगी। रिफंड व्यवस्था में दूसरा बड़ा बदलाव छोटे उद्योगों के लिए और भी अहम है। अब उलटी कर व्यवस्था वाले पात्र दावों में भी 90 प्रतिशत राशि अस्थायी रूप से तुरंत जारी की जा सकेगी। शेष 10 प्रतिशत रकम जांच पूरी होने के बाद मिलेगी। हालांकि तत्काल रिफंड भी प्रणाली की जोखिम जांच के बाद ही जारी होगा। जिन निर्माताओं का कर रिकॉर्ड साफ होगा, उन्हें इसका लाभ तेजी से मिलने की उम्मीद है।

कच्चा माल महंगा, तैयार माल सस्ता... बीच में फंसती है उद्योगों की पूंजी

दरअसल, उलटी कर व्यवस्था की स्थिति तब बनती है, जब कच्चे माल पर जीएसटी की दर तैयार माल की बिक्री पर लगने वाली दर से ज्यादा होती है। ऐसे में निर्माता जितना कर खरीद पर चुकाता है, बिक्री के समय उतना कर वसूल नहीं कर पाता। नतीजतन उसका टैक्स क्रेडिट जमा होता जाता है और कारोबार की बड़ी पूंजी सरकारी खाते में फंस जाती है।अब तक रिफंड में मुख्य रूप से कच्चे माल पर चुकाए गए कर को ही शामिल किया जाता था। सेवाओं और मशीनरी पर दिए गए जीएसटी का लाभ नहीं मिल पाता था। नए फार्मूले ने इसी कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए प्रावधान के तहत 1 नवंबर 2026 से माल परिवहन, जॉब वर्क, बिजली, मरम्मत और अन्य उत्पादन संबंधी सेवाओं पर चुकाया गया जीएसटी भी रिफंड में शामिल होगा। यानी उद्योगों को अब सेवाओं पर जमा कर के रूप में फंसी रकम वापस पाने का रास्ता मिलेगा।

कंपनी ने 1,15,000 रुपए रखी कीमत

हीरो मोटोकॉर्प का एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हीरो मोटोकॉर्प ने स्पोर्टी 125 सीसी मोटरसाइकिल श्रेणी में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए नई एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन लॉन्च की है। नए संस्करण में 4.2 इंच का रंगीन डिजिटल उपकरण पटल, ब्लूटूथ संपर्क सुविधा और श्रेणी में पहली बार टायर में हवा के दबाव की निगरानी करने वाली प्रणाली जैसे आधुनिक फीचर दिए गए हैं। कंपनी ने इसकी कीमत 1,15,000 रुपए (पूरे देश में शोरूम से पहले की कीमत) रखी है। यह मोटरसाइकिल मोती जैसी चमक वाले लाल रंग के आकर्षक अंशों के साथ खास मध्यरात्रि काले रंग में उपलब्ध होगी। नई एक्सट्रीम 125आर स्टील्थ एडिशन में दिया गया 4.2 इंच का डिजिटल उपकरण पटल चालक को रास्ते की जानकारी, संपर्क और यात्रा से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध कराता है। ब्लूटूथ के माध्यम से इसमें मोड़-दर-मोड़ रास्ता बताने, फोन कॉल और संदेशों की सूचना तथा संगीत नियंत्रण की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, इसमें रंगीन मिश्रधातु के पहिए दिए गए हैं, जो मोटरसाइकिल को आकर्षक और दमदार रूप देते हैं। कंपनी के अनुसार, एक्सट्रीम 125आर अपनी श्रेणी में टायर दबाव निगरानी प्रणाली देने वाली पहली मोटरसाइकिल है। यह प्रणाली टायर में हवा के दबाव की वास्तविक समय में जानकारी और चेतावनी देती है। मोटर साइकिल में दोहरे चैनल वाली एंटी लॉक ब्रेकिंग प्रणाली भी दी गई है, जो बेहतर ब्रेक लगाने में मदद करती है। लांच के अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प की भारतीय कारोबार इकाई के मुख्य व्यवसाय अधिकारी आशुतोष वर्मा ने कहा कि युवा ग्राहक अब ऐसी मोटरसाइकिल चाहते हैं। जिसमें दमदार प्रदर्शन, आकर्षक डिजाइन और आधुनिक तकनीक का बेहतर मेल हो।

राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

मीन शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

त्योहार खत्म : जेब पर पड़ेगी दोहरी मार, यूपीआई पर चार्ज की मार, कच्चा तेल 90 डॉलर से नीचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारों की रौनक खत्म होते ही अब आम लोगों और कारोबारियों की नजरें आर्थिक मोर्चे पर होने वाले बदलावों पर टिक गई हैं। एक तरफ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने की तैयारी चर्चा में है, तो दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, सोना और चांदी महंगे होने से कीमती धातुओं के खरीदारों को झटका लगा है। भाईदूज के साथ त्योहारों का सीजन खत्म हो गया है। अब यूपीआई भुगतान को लेकर नए शुल्क की चर्चा तेज है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर दुकानदारों को 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) चुकाना पड़ सकता है। पहले इसे 15 अक्टूबर से लागू करने की तैयारी थी, लेकिन त्योहारों के कारण टाल दिया गया। नई व्यवस्था लागू होने की आधिकारिक तारीख अभी स्पष्ट नहीं है।

गेहूं नीलामी में बड़ा झटका, 298 रुपए क्विंटल तक टूटे भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की हुई गेहूं की ई-नीलामी में कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश में गेहूं के भाव 298 रुपए प्रति क्विंटल तक टूट गए, जबकि देश के अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में भी 59 से 344 रुपए प्रति क्विंटल तक की कमी आई है। इसे गेहूं की बिक्री के लिए उपलब्ध मात्रा लगभग दोगुनी किए जाने और प्रोसेसर्स की बढ़ी भागीदारी को इस गिरावट की बड़ी वजह माना जा रहा है।

मध्यप्रदेश में गेहूं की कीमतों में 298 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में गेहूं का बड़ा उत्पादन और आटा मिलिंग उद्योग की मजबूत मौजूदगी देखते हुए इसे बाजार के लिहाज से अहम माना जा रहा है। एफसीआई की ओर से अधिक मात्रा में गेहूं उपलब्ध कराने से प्रोसेसर्स को खरीद के ज्यादा अवसर मिले। इसका असर आने वाले दिनों में मंडियों और आटा मिलों की खरीद पर भी पड़ सकता है। एफसीआई के नीलामी पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, गुजरात को छोड़कर अन्य राज्यों में कुल 1.91 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए रखा गया था। इसमें सफल बोलीदाताओं ने करीब 1.78 लाख टन गेहूं उठाने की इच्छा जताई। सरकार ने इस सप्ताह कुल 1.99 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए उपलब्ध कराया था, जबकि पिछले सप्ताह यह मात्रा महज 1.01 लाख टन थी। इसमें गुजरात के लिए 8 हजार टन गेहूं भी शामिल था। हालांकि, शाम तक गुजरात की नीलामी का विवरण उपलब्ध नहीं हो पाया था। इस सप्ताह गेहूं का कुल उठाव घटकर करीब 93 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछली नीलामी में यह आंकड़ा लगभग 98 प्रतिशत था। नीलामी में शामिल एक प्रोसेसर के मुताबिक, इस सप्ताह प्रोसेसर्स की भागीदारी में उल्लेखनीय इजाफा हुआ।

शब्द पहेली - 6404



बाएँ से दाएँ
1. जायकेदार,लजीज-5
4. नट का खेल-4
7. राय,वोट-2
8. दुरुह,कठिन-3
9. प्रहार,घात-2
10. अचरज भरा कार्य-4
11. शराब,मद्य-2
13. साझेदार-4
14. क्षण,लम्हा-2
16. सहयोग-3
18. अड़िग-3
19. कैद, बंधक-3,2
21. चुगली करना-2,3
24. धावक (अंग्रेजी-3)
26. अग्नि, आग-3
28. टैक्स, हाथ-2
29. एक मुगल सम्राट-4
30. टकटकी-2
32. कैंची से काटना-4
33. आत्मा-2
35. सीरा,मिष्ठान-3
36. आगमन-2
37. जोरदार-4
38. तेज दौड़ना-5

ऊपर से नीचे
1. बुरी आदत-2
2. झगड़ा,रार-4
3. फिल्मी दुनिया-3,2
4. लेखनी,पेन-3
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. वटवृक्ष-4
7. मन को भाने वाला-5
10. बुरा आचरण-4
12. यमराज-2
15. चुनौती-4
17. विदरण,एकता भंग-3
18. आर्द्रक-4
20. भूमि,धरती-3
22. आवेश में आना-4
23. नामकरण-2,3
25. नरक में रहना-5
26. जामफल-4
27. बेल,लतिका-2
29. प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31. जलजला-3
34. मैं का बहुवचन-2
36. रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली- 6403 का हल

स	द	च	रि	त्र			ब	ह	स	
मा	मा		या		अ	द	द		ह	क
ज			स	ज	दा		न			हा
वा	र	दा	त			श		प	बी	र
दी		मि		ह	म	रा	ज		र	
	स	नी		स		फ		बी	ज	
	ह		श	र	ब	त		ह		म
क	त	स		त			अ	ह	ध	न
हा			चिं		म	लि	न			भा
बी	र		त	न	य		ब		श	ध
	थ	का	न			म	न	मो	ह	न

सूडोकु नवताल - 6414

कठिनतम

			4		6			
					2	7		
	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6413 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

MANGAL SENACHA BANGALORE

अगर आपको डायबिटीज है तो इसके कुछ लक्षण आपके हाथ और पैर में भी दिख सकते हैं। इन लक्षणों के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। इससे आपको इसकी पहचान करने में हेल्प मिलेगी।

वर्ल्ड डायबिटीज डे
14 नवंबर, स्पेशल

बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और एक्सरसाइज या शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण हाल के वर्षों में देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसी समस्या से बचाव के लिए आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, डायबिटिक पेशेंट्स क्या सावधानी बरतें और इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इन सभी के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

हाथ-पैर में भी दिखते हैं डायबिटीज के लक्षण

प्रिकॉशन
रजनी अरोड़ा



हालांकि डायबिटीज को कई लक्षणों से पहचाना जा सकता है। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे भी हैं, जो पेशेंट के हाथ-पैर में दिखाई पड़ते हैं। इनके बारे में आपको सजग रहना चाहिए।

पैरों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज में पैर सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। शरीर में पैर, दिल से सबसे दूर होते हैं, वहां की नसें सबसे लंबी और बारीक होती हैं। गाढ़ा खून और ग्लाइकेशन बारीक नलियों को क्षतिग्रस्त करते हैं, जिससे पैरों तक ऑक्सीजन और पोषण कम पहुंचता है और घाव भरना मुश्किल हो जाता है। शुगर, नसों की सुरक्षा परत (मायलिन शीथ) को कमजोर कर देती है, जिससे दिमाग तक संदेश ठीक से नहीं पहुंचते और डायबिटिक न्यूरोपैथी की स्थिति आ जाती है। इससे कई लक्षण दिख सकते हैं।

झुनझुनी महसूस होनाः ऐसा लगना जैसे तलवों या अंगुलियों पर चींटियां चल रही हों। शुरुआत में यह लक्षण आता-जाता रहता है, इसलिए लोग इसे थकान, बैठने से पैर सोना या विटामिन की कमी समझकर टाल देते हैं। यह नसों के क्षतिग्रस्त होने का सबसे शुरुआती संकेत है।



सुई जैसी चुभनः तलवों में जलन, सुई जैसी चुभन या अचानक बिजली के झटके जैसा एहसास। यह अकसर रात में बढ़ जाता है। जब नसें खराब होने लगती हैं।

चादर के वजन से भी दर्दः रात को पैरों पर हल्की चादर रखने से भी दर्द या जलन हो, तो यह संकेत बताता है कि नसें प्रभावित हैं।

सुन्नपनः पैरों में छूने का एहसास कम हो जाना, जैसे मोजे पहने हों या जमीन महसूस न हो। यह सबसे खतरनाक अवस्थाओं में से है, क्योंकि जब दर्द महसूस नहीं होता, तो चोट, कंकड़, जूते की रगड़ या छाले का पता ही नहीं चलता। छोटी चोट बड़ा घाव बन सकती है।

घाव का ठीक न होनाः पैर का कोई कट या छाला 10-12 दिन बाद भी न भरे, लाल रहे या उससे पानी निकले, तो यह खतरे की घंटी है। ज्यादा शुगर, श्वेत रक्त कोशिकाओं को सुस्त कर देती है और बैक्टीरिया को पनपने का मौका देती है। सुन्नपन के साथ यह मिलकर पैर के अल्सर का कारण बन सकता है, जो गंभीर मामलों में संक्रमण फैलने और अंग काटने तक का रिस्क हो सकता है।

सूखी त्वचा-फटी एड़ियांः नसों के खराब होने से पसीना आना कम हो जाता है, जिससे पैरों की त्वचा बहुत रूखी हो जाती है और एड़ियां गहरी फटने लगती हैं।

त्वचा के रंग में बदलावः पैरों और टखनों पर त्वचा का पतला, चमकदार या भूरा-काला पड़ना, पैरों के बाल झड़ना और पैर ठंडे रहना खून के कम बहाव के संकेत हो सकते हैं।

हाथों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज होने के कुछ लक्षण हाथों में भी दिखते हैं। अंगुलियों के जोड़ों की त्वचा बाकी हाथ से ज्यादा काली, मोटी, मखमली या खुरदरी दिख सकती है, तो यह टैनिंग या गंदगी नहीं, इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत है। इंसुलिन ज्यादा होने पर वह त्वचा की कोशिकाओं को तेजी से बढ़ने का सिग्नल देता है। ऐसे निशान गर्दन, बगल और जांघों में भी दिख सकते हैं।

त्वचा पर टैग्स बननाः गर्दन, पलकों, बगल और अंगुलियों के आस-पास त्वचा की छोटी-छोटी लटकन जैसी संरचनाएं बनने को स्किन टैग्स कहते हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ना इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ा हो सकता है।

बढ़ी डायबिटीज के संकेतः दोनों हथेलियां प्रार्थना की मुद्रा में जोड़ने पर अगर अंगुलियों या हथेलियों के बीच खासकर छोटी अंगुली के पास गैप दिखे, तो इसे नजरअंदाज न करें। इसे डायबिटिक हैंड सिंड्रोम भी कहते हैं।

अंगुलियों का अकड़नाः सुबह उठने पर मुट्ठी बनाने या अंगुलियां सीधी करने में परेशानी होना, अंगुली का मुड़कर अटक जाने को ट्रिगर फिंगर कहते हैं। यह भी डायबिटीज का लक्षण हो सकता है। *

(डायबिटीज एक्सपर्ट-डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

डायबिटीज से बचाव के लिए बनें सजग-रहें सुरक्षित

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
ऑर्टेमिज हॉस्पिटल, गुरुग्राम



भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों की गंभीरता का अंदाजा वर्ष 2025 में जारी डायबिटीज एटलस की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इसके अनुसार भारत में 20 से 79 वर्ष की आयु के लगभग 9 करोड़ लोग इस समस्या से पीड़ित थे। इसके अलावा लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में थे। प्री-डायबिटीज वह शारीरिक अवस्था है, जिसमें जब ब्लड में शुगर लेवल सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन वह डायबिटीज की स्थिति तक नहीं पहुंचता। ऐसे लोगो में भविष्य में डायबिटीज होने की आशंका बनी रहती है। इन आंकड़ों की गंभीरता को समझते हुए अगर स्वस्थ लोग भी शुरू से ही अपनी सेहत के प्रति सजगता बरतें तो आसानी से डायबिटीज की समस्या से बचाव संभव हो पाएगा।

क्यों बढ़ रही है समस्या

पिछले दो से तीन दशकों में लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल गई है। पहले लोग रोजमर्रा के सारे काम-काज खुद करते थे, शारीरिक श्रम उनकी दिनचर्या में शामिल था, इसलिए हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहते थे। लेकिन समय के साथ सभी कार्यों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल होने लगा, इससे पहले की तुलना में जिंदगी ज्यादा आरामदेह हो गई और लोगों के समय की बचत होने लगी, लेकिन कुछ वर्षों के बाद लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर नजर आने लगा। लगातार लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठकर काम करना, मिठाइयों, कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड का अधिक मात्रा में सेवन करना, छोटी दूरी तक जाने के लिए भी पैदल के बजाय वाहन का इस्तेमाल करना, एक्सरसाइज न करना, सीढ़ियों के बजाय लिफ्ट का इस्तेमाल, ऐसी आदतों के कारण व्यक्ति जो भी खाता है, उससे बनने वाली कैलोरी बर्न होने के बजाय शरीर में जमा होने लगती है, जिससे पेट के आस-पास चर्बी एकत्र हो जाती है और व्यक्ति का वजन बढ़ने लगता है। ऐसी जीवनशैली इंसुलिन रेजिस्टेंस के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा देर रात तक मोबाइल पर रील्स देखने की आदत से होने वाली अनिद्रा की समस्या, अति व्यस्त दिनचर्या के कारण पैदा होने वाला तनाव और इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री यानी आनुवंशिकता जैसे कारणों से आजकल हर आयुवर्ग के लोगों में इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगे हैं और इसके मरीजों की तादाद तेजी से बढ़ने लगी है।

कैसे पहचानें लक्षणों को

बार-बार गला सूखना, प्यास लगना, रात में टॉयलेट जाने के लिए कई बार नींद खुलना, ज्यादा भूख लगना, बेवजह थकान और सुस्ती महसूस होना, दृष्टि में धुंधलापन, पैरों में झनझनाहट, ज्यादा भूख लगना, बिना डाइटिंग या एक्सरसाइज के वजन का लगातार घटना जैसे लक्षण दिखाई दें तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। कई बार शुरुआती दौर में डायबिटीज टाइप-2 के कोई लक्षण नजर नहीं आते। इसलिए अगर कोई समस्या न हो तो भी हर तीन-चार महीने के अंतराल में शुगर लेवल की जांच कर लेनी चाहिए। अगर सुबह खाली पेट शुगर लेवल 130 से ज्यादा और खाने के 2 घंटे के बाद 180 से अधिक हो तो यह इस बात का संकेत है कि व्यक्ति को डायबिटीज की समस्या है। इसी तरह अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी (हर तीन महीने के अंतराल पर की जाने वाली वाली शुगर लेवल की जांच) 5.7 से 6.4 के बीच हो तो उसे प्री-डायबिटिक की श्रेणी में रखा जाता है, यानी यदि समय रहते खान-पान और दिनचर्या में सुधार नहीं लाया गया तो ऐसे व्यक्ति को यह बीमारी बहुत आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकती है। अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी 6.5 से अधिक हो तो उसे डायबिटिक माना जाता है। ऐसी स्थिति में नियमित रूप से एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से जांच कराने के साथ उसके सभी निर्देशों का पालन करना जरूरी हो जाता है।

डायबिटिक पेशेंट्स रखें ध्यान

डायबिटीज के मरीजों को अपने भोजन में मिलेट्स यानी ज्वार, बाजरा, रागी, सावां और कंगनी जैसे मोटे अनाजों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिए। सिट्रस यानी संतरा, मौसंबी, नीबू और चकोतरा जैसे खट्टे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। ऐसे मरीजों को जूस पीने के बजाय सीधे फलों का सेवन करना चाहिए क्योंकि फलों का जूस तेजी से शुगर लेवल को बढ़ा देता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, स्प्राउट्स, सत्तू, बादाम, अखरोट और अलसी, कद्दू, खरबूजे, सूरजमुखी के बीजों का सेवन भी फायदेमंद होता है। आम, लीची, केला और चीकू जैसे फलों से दूर रहें। एक ही बार में ज्यादा खाने के बजाय हर 2 घंटे के अंतराल पर थोड़-थोड़ा खाएं। मल्टी ग्रेन आटे की रोटियां और ब्राउन राइस का सेवन करें। चावल उबालने के बाद उसका मांड़ निकालकर फेंक दें। नियमित रूप से योग, एक्सरसाइज के अलावा रोजाना सुबह-शाम आधे घंटे तक वॉक जरूर करें। संतुलित डाइट और शारीरिक गतिविधियों से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से दवा की खुराक में कोई बदलाव न लाएं। ऐसे मरीजों में कई बार अचानक शुगर लेवल घट जाता है, ऐसी स्थिति से उबरने के लिए मरीज को अपने पास टॉफी रखनी चाहिए।।



कई अंगों पर पड़ता है दुष्प्रभाव

- पैरों की नसों में सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द, कई बार एड़ियां बुरी तरह फटने लगती हैं।
- ऐसे मरीजों के हार्ट की धमनियों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होता है, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।
- आंखों का रेटिना प्रभावित होता है और इससे अचानक आंखों की दृष्टि कम होने लगती है।
- किडनी की कार्यक्षमता कमजोर पड़ने जाती है, इससे किडनी से प्रोटीन का लीकेज होने लगता है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल्योर की भी समस्या हो सकती है।
- गला सूखने और मसूड़ों में संक्रमण की भी आशंका बनी रहती है।
- त्वचा पर अनावश्यक रूखापन या सिरोसिस जैसे लक्षण दिखते हैं।
- अगर त्वचा पर कोई भी खरोंच या चोट लग जाए तो उससे बनने वाले घाव को भरने में ज्यादा समय लगता है। इसलिए ऐसे किसी भी लक्षण को मामूली समझकर अनदेखा न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

स्वस्थ व्यक्ति ऐसे करें बचाव

अगर आपका शुगर लेवल सामान्य है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप असंतुलित खान-पान और अनियमित दिनचर्या अपनाएं। भविष्य में ऐसी समस्या से बचाव के लिए अभी से ही आपकी कोशिश यही होनी चाहिए कि आप अपनी डाइट में चीनी का इस्तेमाल कम से कम करें। घी, तेल, चीनी, मैदा और जंक फूड से दूर रहें। सादा और संतुलित खान-पान अपनाएं। आपकी डाइट में फाइबर, विटमिंस और प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। इसके लिए ज्वार, बाजरा और रागी जैसे सभी मोटे आनाजों को अपनी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। हरी सब्जियों और मौसमी फलों का सेवन करें। *

प्रस्तुतिः विनीता



बच्चों में बढ़ता खतरा

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आजकल बच्चों में भी डायबिटीज के लक्षण नजर आने लगे हैं। पहले कुछ बच्चों में डायबिटीज टाइप-1 के लक्षण नजर आते थे, लेकिन आजकल खान-पान की गलत आदतों और लापरवाही भरी जीवनशैली के कारण बच्चे वेफर्स, चॉकलेट, केक-पेस्ट्री, पिज्जा, बर्गर और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसी चीजों का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं। पार्क में जाकर आउटडोर खेलने-कूदने के बजाय शाम के वक्त घंटों मोबाइल के साथ वक्त बिताते हैं। खान-पान की गलत आदतों और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के कारण आजकल शहरों में रहने वाले अधिकतर बच्चे ओबेसिटी के शिकार हो रहे हैं और इसी वजह से उनमें जुवेनाइल डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। बच्चों को ऐसी समस्या से बचाने के लिए शुरू से ही अपने परिवार में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करें। लंच या डिनर से पहले अगर उन्हें हल्की भूख लगे तो उस दौरान मंचिंग के लिए उन्हें चॉकलेट, वेफर्स जैसी चीजें देने के बजाय मौसमी फल, ड्राय फ्रूट्स और रोस्टेड मखाने जैसी चीजें खिलाएं।

मन को एकाग्र रखे माइंडफुलनेस

सजेशन
शिखर चंद जैन



हमारा शरीर अकसर वहीं होता है, जहां हम मौजूद होते हैं, लेकिन हमारा मन, कई बार बीते कल की किसी घटना, आने वाले कल की चिंता या मोबाइल की अगली सूचना में उलझा रहता है। हम खाना खाते हुए स्क्रीन देखते हैं, चाय पीते हुए काम की चिंता करते हैं और चलते हुए भी मन में दस योजनाएं बनाते रहते हैं। ऐसे में माइंडफुलनेस यानी सजगता हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

क्या है माइंडफुलनेसः माइंडफुलनेस का अर्थ किसी विशेष मुद्रा में बैठना या विचारों को जबरन रोक देना नहीं है। इसका सरल अर्थ है, इस क्षण में पूरी तरह उपस्थित होना। सांस भीतर जा रही है तो उसका अनुभव करना, हाथ में चाय है तो उसकी गर्माहट महसूस करना और चलते समय अपने कदमों की गति को जानना। माइंडफुलनेस जीवन में कुछ नया जोड़ने से अधिक, पहले से मौजूद जीवन को सचमुच देखने की कला है। ठीक यही बात चलते समय भी लागू होती है। एक कदम जमीन पर पड़ता है, फिर दूसरा। शरीर आगे बढ़ता है और मन उसके साथ रहता है। कुछ मिनटों की ऐसी सजग चाल भी हमें अपने शरीर और वर्तमान से दोबारा जोड़ सकती है।

शोध से हुआ साबितः 2024 में नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित 37 अलग केंद्रों और 2,239 प्रतिभागियों वाले बड़े अध्ययन में पाया गया कि स्वयं किए जाने वाले छोटे माइंडफुलनेस अभ्यास तनाव कम करने में प्रभावी हो सकते हैं। 2024 की एक अन्य मेटा-विश्लेषण समीक्षा में 111 अध्ययनों और 9,538 प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें माइंडफुलनेस आधारित कार्यक्रमों से समग्र संज्ञानात्मक क्षमता, ध्यान, मेमोरी और निरंतर एकाग्रता जैसे कुछ क्षेत्रों में छोटे से मध्यम स्तर के सकारात्मक प्रभाव मिले। तनाव कम करने में माइंडफुलनेस का प्रभाव केवल मन की बात नहीं है। इसके पीछे तनाव से जुड़ी मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रक्रियाओं में बदलाव की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हालांकि इसका अर्थ यह नहीं कि माइंडफुलनेस हर समस्या का इलाज है। बल्कि यह हमारे पास उपलब्ध एक मानसिक प्रशिक्षण है, जिसे नियमित अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है।

ऐसे करें शुरुआतः शुरुआत में दिन में केवल तीन मिनट आंखें बंद करें। सांस को बदलने की कोशिश न करें। बस महसूस करें, सांस आ रही है, सांस जा रही है। विचार आएं तो उन्हें रोकें नहीं। बस पहचानें और धीरे से ध्यान सांस पर वापस ले आएं। फिर कभी चाय पीते समय केवल चाय पीजिए। चलते समय केवल चलिए। बच्चे से बात करते समय केवल बच्चे के साथ रहिए। *



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

मॉर्निंग वॉक से जब हो आंखों में जलन की समस्या



मेरी उम्र 60 वर्ष है। सर्दियां शुरू होने के बाद जब भी मैं मॉर्निंग वॉक के लिए निकलता हूं, मेरी आंखों में जलन होने लगती है, कई बार सांस लेने में भी दिक्कत आती है। कृपया कोई उपाय बताएं?
-हरीश, रोहतक

इस समय कई शहरों में प्रदूषण काफी अधिक है। आप रोहतक में हैं। दिल्ली और हरियाणा के आस-पास के शहर भी प्रदूषण की चपेट में हैं। इसलिए आपको खास सावधानी रखनी चाहिए। सुबह के समय वॉक नहीं करना चाहिए, क्योंकि सुबह प्रदूषण का स्तर ज्यादा होता है। धूप निकलने के बाद आपको वॉक करना चाहिए। इसके साथ सबसे जरूरी बात है कि आप मास्क पहनकर ही वॉक पर जाएं। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरे बालों में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। बाल रूखे भी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?
-करण, रायपुर

सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पानी से आप नहाते हैं, वो कैसा है? वो पानी साफ होना चाहिए क्योंकि तमाम शहरों में पानी गंदा आता है। इससे भी बालों की सेहत पर फर्क पड़ता है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में मौजूद तरह-तरह के शैंपू, कंडीशनर का इस्तेमाल बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें। आप जहां रहते हैं, अगर वहां का पानी खारा है तो इस पानी से बाल नहीं धोने चाहिए। नॉर्मल पानी से ही बालों को धोना चाहिए।

मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से बार-बार बुखार और बदन दर्द हो रहा है। कृपया बताएं कि मैं क्या करूं?
-गौतम, बिलासपुर

इस समय मौसम चेंज हो रहा है। कई बार तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से वायरल इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। आपको बुखार आ रहा है और शरीर में दर्द हो रहा है तो यह टाइफाइड के लक्षण भी हो सकते हैं, लेकिन बगैर जांच के कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप फिजिशियन से संपर्क करें। वे लक्षण देखकर जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और उसी के अनुसार ट्रीटमेंट शुरू होगा।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मैं पिछले साल से बीपी की दवा ले रहा हूं फिर भी मुझे बहुत गुस्सा आता है। मैं क्या करूं?
-सचिन, भोपाल

बीपी की दवा ले रहे हैं लेकिन उससे बीपी कम हो रहा है या नहीं, इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि कई बार देखा गया है कि लोग दवा लेते रहते हैं लेकिन उससे बीपी कम नहीं होता या फिर दवा लंबे समय से लेने से बॉडी उसे एक्सेप्ट कर लेती है और उसका लाभ नहीं होता है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें।

मेरी उम्र 55 वर्ष है। मेरा शुगर लेवल अप-डाउन होता रहता है। कृपया बताएं कि इसे कंट्रोल करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?
-राजकिशोर, दुर्ग

ऐसे मामलों में दो बातें बहुत मायने रखती हैं। पहला, दवा का रेग्युलर सेवन और दूसरा, खान-पान सही होना यानी, शुगर के अनुसार डाइट लेना। अगर ये दोनों फॉलो करने के बाद भी आपका शुगर लो-हाई हो रहा है तो जरूर एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। हो सकता है कि दवा की डोज बढ़ाने की आवश्यकता हो।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं गैस की प्रॉब्लम से परेशान रहता हूं। इस वजह से भूख भी नहीं लगती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?
-राजेश, महासमुंद

अगर आपको गैस की प्रॉब्लम रहती है तो आपको खान-पान में ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि आपकी पाचन क्रिया कहीं ना कहीं प्रभावित हो रही है। खान-पान में आप सुबह हल्का नाश्ता करें, साथ में फल और जूस जरूर लें। दोपहर के खाने में छाछ-दही शामिल करें। साथ ही इस बात का ख्याल रखें कि गैस बनाने वाले फूड्स ज्यादा ना खाएं और खाने के बाद थोड़ा वॉक जरूर करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

आईपीएल ट्रेडिंग : हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

18 करोड़ में पंजाब के हुए हार्दिक एमआई के लिए खेलेंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे बड़ी और बहु प्रतीक्षित अदला बदली (ट्रेडिंग) में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 18 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं जबकि मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि में मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स चले गए हैं जबकि अर्शदीप 18 करोड़ रुपए की मौजूदा कीमत पर मुंबई से जुड़ गए हैं।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल (आईपीएल के पिछले सत्र से पहले) राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम कुरेन को 2.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ट्रांसफर फीस दोनों फ्रेंचाइजी के बीच आपसी समझौता है और यह टीम में बनाए रखने की फीस (रिटेंशन फीस यानि फ्रेंचाइजी का खिलाड़ी को भुगतान किया जाने वाला वेतन) से अलग है।

हार्दिक का एमआई के साथ दूसरा कार्यकाल समाप्त

दोनों टीमों ने आपसी सहमति से तय किया कि हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी होगी और मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें इस बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बाकी रकम मुंबई इंडियंस को मिलेगी। हार्दिक का इस तरह से मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक 2022 में 15 करोड़ रुपए की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम 2023 में फाइनल तक भी पहुंची थी।



एमआई के तिलक बन सकते हैं उपकप्तान

रोहित को अचानक टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाए जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवतः आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाए जाने की संभावना है।

हार्दिक ने एमआई में बिताए खास पल : आकाश अंबानी

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में कुछ बहुत ही खास पल बिताए हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में लगातार बेहतर होते हुए देखा है, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देखा है और फिर टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनका एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर बहुत सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'



यादों के लिए आभार अर्श : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने टीम में अर्शदीप के योगदान को स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा, 'ढेर सारी हंसी, अनगिनत यादें और ढेर सारी मस्ती। यादों के लिए आभार अर्श।" अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुंबई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2019 में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के 96 मैच में 111 विकेट लिए हैं, जो पंजाब किंग्स की तरफ से रिकॉर्ड है। उन्होंने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट लिए। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने 104 मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

लिंडा नोस्कोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नोस्कोवा ने कोको गॉफ को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। नोस्कोवा 2011 में पेट्रा क्वितोवा के बाद अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह 2024 में गॉफ के बाद अपने पहले दो राउंड-रॉबिन मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं और 2021 में एनेट कोंटावेइट के बाद ऐसा करने वाली पहली नंबर 8 सीड हैं।

मैं अभी भी जीतना चाहती हूं : लिंडा

लिंडा नोस्कोवा ने कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि मैं सेमीफाइनल में हूं। मैच खत्म होने के ठीक बाद, मैं पहले से ही इस बात पर फोकस कर रही थी कि मैं दो दिन में जेसी (पेगुला) के साथ कैसे खेलूंगी। इसलिए मेरे लिए ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं अभी भी जीतना चाहती हूं। मैं अभी भी जो भी स्कोर, जो भी जीत मुमकिन हो, हासिल करना चाहती हूं। मैं यहां असल में मैच नहीं खेल रही हूं, इसलिए यह कुछ अलग नहीं होने वाला है।



नोस्कोवा ने किया गॉफ को पांच बार ब्रेक

नोस्कोवा ने गॉफ को पांच बार ब्रेक किया, जिसमें शुरुआती सेट में चार बार शामिल हैं। उसने नौ में से पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया और गॉफ की दूसरी सर्व पर 75 प्रतिशत (24 में से 18) पॉइंट जीते। रिटर्न पर नोस्कोवा ने जो दबाव डाला, उससे उन्हें दोनों सेट में 4-1 की लीड बनाने में मदद मिली। यह नोस्कोवा के लिए इस सीजन की छठी टॉप-10 जीत है, जिसने जुलाई में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था।



खबर संक्षेप



26 ऐतिहासिक बल्ले भेंट करेंगे सचिन

मुंबई। सचिन तेंदुलकर अपने करियर के 26 खास बल्ले मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय को भेंट करेंगे। इन बल्लों में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे सचिन ने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों में से कई यादगार शतक जड़े थे। बल्लों के अलावा उनके हेलमेट, जर्सी और करियर के महत्वपूर्ण पलों से जुड़े निजी नोट्स सहित कई अन्य यादगार वस्तुएं भी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। इन अनमोल धरोहरों की प्रदर्शनी का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष समारोह में किया जाएगा। 'बैटोग्राफी' नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से सचिन तेंदुलकर के शानदार क्रिकेट सफर को उनके करियर के विभिन्न दौर में इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दर्शाया जाएगा।

आईपीएल में नहीं बढ़ेगी टीमें : सैकिया



नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल में फिलहाल टीम की संख्या 10 से बढ़ा कर 12 करने की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे प्रस्ताव पर बोर्ड के भीतर अनौपचारिक स्तर पर भी कोई चर्चा नहीं हुई है। सैकिया ने कहा कि वैश्विक क्रिकेट बाजार में आईपीएल को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के बावजूद फिलहाल इसके विस्तार की कोई योजना नहीं है। सैकिया ने कहा, '2028 में आईपीएल को 12 टीम का टूर्नामेंट बनाने की संभावना पर हमने औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर कोई चर्चा की है। फिलहाल यह हमारे विचाराधीन नहीं है।'

बराड़ ने लगाई लंबी छलांग, 48वें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। यशस्वी जायसवाल 13वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। गेंदबाज गुरनूर बराड़ लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले शीर्ष 100 में शामिल नहीं थे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : पंत और गिल शीर्ष 10 में शामिल



गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर स्टार्क

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं।

रहमत शाह ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में 173 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था, जिसके दम पर यह 33 वर्षीय खिलाड़ी गिल, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस से ऊपर पहुंच गए हैं।

शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

नीरज ने जीता ब्रॉन्ज, हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में 9.4 अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



पिमेनोव ने जीता रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने 362.8 अंक के विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कोटा हासिल किए। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

कुमामोतो मास्टर्स : जेन को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में लक्ष्य



एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-19, 21-18 से अपने नाम किया। जर्मनी में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा। भारत के ध्रुव रावत और के. मनीषा को चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चान के खिलाफ 21-16, 14-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

अमसाकरुणन और क्रास्टो की जोड़ी हारी

वहीं, हरिहरन अमसाकरुणन और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग झेन बांग और वेई या शिन से 7-21, 9-21 से हार गई। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पिछले साल मलेशिया ओपन में ची यू जेन के खिलाफ हार मिली थी। हालांकि उसी साल ऑस्ट्रेलिया ओपन में उन्होंने इस हार का बदला ले लिया था। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मुकाबले में हर अंक के लिए संघर्ष हुआ।

टेस्ट में रचिन रवींद्र की वापसी, लैथम संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पाएंगे। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाली इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। कॉनवे , रविंद्र और ब्लंडेल अभी चोटों से उबर रहे हैं लेकिन उनके टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के दौरे में अपनी टीम को तीन मैच की श्रृंखला में 2-1 से जीत दिलाई थी।



टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप : कार्लसन ने जीता उद्घाटन ब्लिट्ज खिताब

वैशाली की दमदार जीत, एरिगैसी ने टॉप-5 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में वेस्ली सो और हैंस नीमन पर प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 9 राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट को जीता।

भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहे।



वैशाली की यादगार जीत

महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने अपने शुरुआती तीन मैचों में दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाई और इसके बाद उन्होंने दो हार और तीन ड्रॉ का सामना किया। हालांकि विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी सो और विश्व में 36वें नंबर के नीमन पर उनकी जीत यादगार रही। आर प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग पर जीत के साथ अपना सत्र समाप्त किया और कुल 4.5 अंक हासिल किए।

तालिका में शीर्ष पर कार्लसन

कार्लसन ने अपने नौ मैचों में से पांच में जीत हासिल की जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली। इससे वह सात अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने छह अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद अब 'फास्ट क्लासिक' होगा, जिसके लिए लॉटरी के जरिए ग्रुप तय किए गए। कागजों पर ग्रुप बी सबसे मजबूत नजर आता है है, जिसमें कारुआना, प्रज्ञाननंदा और विंसेंट कीमर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

अज्ञात वाहन को डंपर बनाकर 18.70 लाख मुआवजा वसूलने का खेल बेनकाब

सिस्टम में नीचे से ऊपर तक घुली है भांग : हाईकोर्ट की दो टूक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में एक सनसनीखेज फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने टिप्पणी की है कि ' शायद सिस्टम में नीचे से ऊपर तक भांग घुली है', क्योंकि शुरुआती दस्तावेजों में जिस वाहन



का कोई अता-पता नहीं था, उसे बाद में सुनियोजित तरीके से एक विशेष डंपर बताकर बीमा कंपनी से 18.70 लाख रुपये का मुआवजा वसूलने का खेल खेला गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बीमा कंपनी की अपील स्वीकार करते हुए मोटर दुर्घटना प्राधिकरण के मुआवजा आदेश को निरस्त कर दिया । कोर्ट ने न्यू इंडिया एश्योरेंस के प्रबंध निदेशक को मामले की आंतरिक जांच कर लापरवाह अधिकारियों व अधिवक्ताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मामला भोपाल के लाम्बा खेड़ा बैरियर के पास 31 मई 2021 की रात हुए सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें संतोष की मृत्यु हो गई थी। परिजनों के दावे पर प्राधिकरण ने 20 जुलाई 2023 को 18.70 लाख रुपये का मुआवजा मंजूर किया था। दुर्घटना के सात दिन बाद दर्ज बयान में मुख्य गवाह ओमप्रकाश उर्फ सुधीर ने स्पष्ट स्वीकार किया था कि डंपर पर अत्यधिक कीचड़ होने के कारण वह नंबर नहीं देख पाया था। इसके बावजूद बाद में एक खास डंपर को दुर्घटना में शामिल बताकर पेश किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने सुनियोजित साजिश माना।

हाईकोर्ट ने निचली अदालत में बीमा कंपनी की पैरवी करने वाले अधिवक्ता की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि गवाह के शुरुआती बयानों को जिरह के दौरान प्रभावी ढंग से चुनौती न देना लापरवाही या मिलीभगत की ओर इशारा करता है। अदालत ने दो टूक कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट का उद्देश्य पीड़ितों को राहत देना है, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि न्यायालय साक्ष्यों और तथ्यों की विश्वसनीयता की जांच किए बिना आँख मूंदकर फैसले सुनाएं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी को फाइल की जांच करने और इसमें लिप्त अधिकारियों व वकीलों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज की

एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी को अवैध नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद की गई गिरफ्तारी को केवल इस आधार पर अवैध नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने पुलिस की अवैध अभिरक्षा के आरोप को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निरस्त कर दी। भोपाल निवासी आर भट्ट की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि उसका भाई गजराज भट्ट और चचेरा भाई साहूकार भट्ट फल का कारोबार करते हैं। 12 अक्टूबर 2026 को एक महिला और उसके दो साथियों ने दोनों के साथ मारपीट की थी। इसके बाद दोनों पक्ष अशोका गार्डन थाने पहुंचे, जहां महिला ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

याचिकाकर्ता के अनुसार, पुलिस ने उसके भाई गजराज के विरुद्ध दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी, लेकिन एफआईआर की प्रति, गिरफ्तारी मेमो और रिमांड आदेश उपलब्ध नहीं कराया। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने उसके भाई को अवैध अभिरक्षा में रखा है, जबकि नियमानुसार उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था। राज्य शासन की ओर से पक्ष रखते हुए पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर की प्रति पेश की गई। इसमें गिरफ्तारी का समय भी अंकित था।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी की वास्तविक तारीख, समय और स्थान से जुड़े विवादित तथ्यों की जांच बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के दायरे में नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता को संबंधित मुद्दे विचारण न्यायालय (ट्रायल कोर्ट) के समक्ष उठाने की स्वतंत्रता प्रदान करते हुए याचिका निरस्त कर दी गई।

हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए जारी किए निर्देश

एमबीबीएस सीट छोड़ने वाली छात्रा के मूल दस्तावेज लौटाए आईसीएमआर

जबलपुर। मप्र हाई कोर्ट ने आईसीएमआर भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र को निर्देश दिए हैं कि एमडी माइक्रोबायोलाजी का पाठ्यक्रम बीच में छोड़ने वाली छात्रा के मूल शैक्षणिक दस्तावेज वापस किए जाएं। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने छात्रा को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेज लौटाने संबंधी अंतरिम आदेश याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डा. प्रियंका यादव की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि उन्हें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आईसीएमआर भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में ओबीसी कोटे से एमडी माइक्रोबायोलाजी पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला था। हालांकि, विभागीय कार्य और निर्धारित समय से अधिक काम के दबाव के कारण वह पाठ्यक्रम जारी नहीं रख सकीं। याचिका के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त कार्य सौंपे जाने से वह मानसिक तनाव और अवसाद की स्थिति में पहुंच गई थीं। परिस्थितियां इतनी प्रतिकूल हो गई थीं कि उनके मन में आत्महत्या तक के विचार आने लगे। अंततः उन्हें पाठ्यक्रम और सीट छोड़नी पड़ी। वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता अब नीट-पीजी परीक्षा में दोबारा शामिल होकर आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने संस्थान से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) और अपने मूल दस्तावेज लौटाने का आवेदन किया था। संस्थान ने प्री-पीजी नियमों का हवाला देते हुए 25 लाख रुपये जमा करने की शर्त रख दी और आवेदन अस्वीकार कर दिया। याचिका में कहा गया कि छात्रा समाज के पिछड़े वर्ग से आती हैं और अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उन्हें पाठ्यक्रम छोड़ना पड़ा। ऐसी स्थिति में 25 लाख रुपये जमा करने की शर्त उनके लिए गंभीर बाधा बन रही है।कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद छात्रा को राहत देते हुए मूल दस्तावेज लौटाने के निर्देश दिए तथा अनावेदकों से जवाब मांगा।

तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने बाइक को मारी टक्कर, 1 युवक की मौत, 2 गंभीर

जबलपुर। खमरिया थाना क्षेत्र के सोनपुर-घाघा मार्ग पर मंगलवार रात तेज रफ्तार हार्वेस्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हार्वेस्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर की रात करीब 8:15 बजे सोनपुर मोड़ से घाघा रोड पुलिया के पास यह दुर्घटना हुई। ग्राम डूंडी पिपरिया निवासी सुनील कुमार कुशवाहा की रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक कुशवाहा, अंकित गोठिया और रंजीत कुशवाहा मोटरसाइकिल से सोनपुर से घाघा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हार्वेस्टर क्रमांक **MP** 04 **DB** 2535 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ओएफके अस्पताल खमरिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 25 वर्षीय कार्तिक कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। वहीं अंकित गोठिया और रंजीत कुशवाहा की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना खमरिया पुलिस ने हार्वेस्टर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस दुर्घटना के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

फिरौती के लिए अपहरण, चार आरोपी गिरफ्तार

'पुलिस' लिखी स्कॉर्पियो से पहुंचे थे बदमाश, मंडला से अपहृत युवक बरामद दो चाकू और पांच मोबाइल जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

ओमती थाना अंतर्गत सिविक सेंटर स्थित दवा मार्केट में दिनदहाड़े युवक का अपहरण कर फिरौती के लिए रकम मांगने वाले चार आरोपियों को जबलपुर पुलिस ने मंडला से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे थे और युवक को जबरन गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने टिकुरिया, जिला मंडला में दबिश देकर चारों आरोपियों को वाहन सहित दबोच लिया और अपहृत सिद्धार्थ नागदेव को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, दो चाकू और पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। खास बात यह है कि जब्त स्कॉर्पियो पर 'पुलिस' लिखा हुआ था।



गाड़ी रूकी और उठा कर ले गए

पुलिस के अनुसार, गुजराती कॉलोनी बल्देवबाग निवासी सचिन नागदेव ने मंगलवार को थाना ओमती में शिकायत दर्ज कराई थी कि सिविक सेंटर दवा मार्केट स्थित उसकी एसएम फार्मा दुकान पर उसके बड़े पिताजी का बेटा सिद्धार्थ नागदेव मिलने आया था। शाम करीब 5:30 बजे काले रंग की बिना नंबर की स्कॉर्पियो में सवार अविरल सिंह ठाकुर अपने तीन-चार साथियों के साथ दुकान के सामने पहुंचा। आरोपियों ने सिद्धार्थ को गालियां देते हुए जबरन गाड़ी में बैठाया और फरार हो गए। सचिन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी तेजी से वाहन लेकर भाग निकले।

कप्तान ने बनाई टीम, हुई घेराबंदी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने अपहृत युवक की शीघ्र दस्तयाबी और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एएसपी आयुष जाखड़ एवं सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी के मार्गदर्शन में निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

मंडला में मिली आरोपियों की लोकेशन

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और पतासाजी के आधार पर आरोपियों का पीछा करते हुए थाना टिकुरिया, जिला मंडला में दबिश दी। यहां से चारों आरोपियों को स्कॉर्पियो सहित गिरफ्तार कर लिया गया तथा अपहृत सिद्धार्थ नागदेव को सुरक्षित बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने रुपयों की मांग करने और मांग पूरी नहीं होने पर सिद्धार्थ का अपहरण करने की बात स्वीकार की।

चारों आरोपी जेल भेजे गए

गिरफ्तार आरोपियों में अविरल उर्फ स्वराज सिंह सेंगर (25), इमरान खान (24), आकाश छिपेलकर (26) और रिषभ पटेल (25), सभी निवासी सिविल लाइन क्षेत्र, जबलपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दर्ज अपराध में धारा 119(1), 3(5) बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया है। चारों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

टीआई शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई श्रीराम सनोडिया, शिव गोपाल गुप्ता, मयंक यादव तथा आरक्षक अभिषेक सिंह, रामनरेश बघेल, संतोष उइके, पंकज शोले और सुनील पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

घर के सामने बम फेंककर युवक पर किया हमला

जबलपुर। घमापुर थाना क्षेत्र के सिद्धबाबा साहू मोहल्ले में घर के सामने बम पटककर दहशत फैलाने और एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवकों ने पहले घर के सामने दुकान के पास बम फोड़ा और बाहर निकले युवक पर भी बम फेंके। जान बचाने के लिए युवक को सड़क पर भागकर दूसरे के घर में छिपना पड़ा। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा उसके घर के सामने बमबाजी की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय अभिषेक साहू घर में चाइनीज की दुकान चलाता है। 10 नवंबर की रात करीब 12:20 बजे वह घर में खाना खा रहा था। इसी दौरान घर के सामने दुकान के पास बम फटने की आवाज सुनाई दी। वह बाहर निकला तो उसे मोनू वंशकार, चिराग वंशकार और सुमित घर के सामने खड़े दिखाई दिए।

महिला ने पुलिस को सौंपे चैट के स्क्रीनशॉट और कॉल रिकॉर्डिंग, डॉक्टर ने भी महिला के भाई के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पर महिला क्लर्क से छेड़छाड़ और अश्लील मैसेज भेजने का आरोप

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉक्टर अजय सिंह ठाकुर के खिलाफ एक महिला क्लर्क ने छेड़छाड़ करने और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने के आरोप लगाते हुए लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि डॉक्टर पिछले करीब एक साल से उसे लगातार परेशान कर रहे थे। शिकायत और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला क्लर्क के मुताबिक, डॉक्टर उसके कार्यालय आने-जाने के दौरान पीछा करते थे और कई बार उसके केबिन में घंटों बैठे रहते थे। शुरुआत



में उसने इन गतिविधियों को सामान्य समझकर नजरअंदाज किया, लेकिन बाद में डॉक्टर द्वारा घर जाते समय भी पीछा किए जाने का आरोप है। महिला का कहना है कि डॉक्टर मोबाइल पर मैसेज भेजकर प्यार का इजहार करते थे और आपत्तिजनक बातें लिखते थे। उसने कई बार डॉक्टर को ऐसा करने से मना किया, लेकिन कथित तौर पर उनकी हरकतें बंद नहीं हुईं। लगातार परेशान होने के बाद महिला ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी और परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला ने पुलिस को मोबाइल चैट के स्क्रीनशॉट और कॉल रिकॉर्डिंग भी सौंपी हैं।

दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

मामले में विवाद उस समय बढ़ गया, जब महिला के भाई ने डॉक्टर को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया। डॉक्टर ने रविवार को लार्डगंज थाने पहुंचकर महिला के भाई के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मंगलवार रात महिला ने भी डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही पुलिस

सीएसपी अखिलेश गौर के अनुसार, महिला की शिकायत और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अनजान लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़ गए 78 हजार 529 रुपए

जबलपुर। साइबर ठगों ने एक बार फिर अनजान लिंक के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। सिहोरा के गांधी वार्ड निवासी एक युवक के मोबाइल पर आए अनजान लिंक पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल अपने आप अपडेट होने लगा। कुछ देर बाद उसके बैंक खाते से 78 हजार 529 रुपए निकल गए। खाते से रकम कटने का मैसेज मिलने पर युवक को ठगी का पता चला। शिकायत के आधार पर सिहोरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर 4 गांधी वार्ड निवासी 30 वर्षीय सोनू चौधरी ड्राइविंग का काम करता है। उसका सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की गौरी तिराहा शाखा में बचत खाता है। 26 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11:49 बजे उसने मोबाइल पर आए किसी अनजान लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके कुछ देर बाद उसका मोबाइल फोन अपने आप अपडेट होने लगा। इसी दौरान उसके मोबाइल पर बैंक खाते से रकम कटने का संदेश आया। खाते की जांच करने पर पता चला कि उसमें से 78,529 रुपए निकाल लिए गए हैं।इसके बाद सोनू को अपने साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होने की जानकारी मिली। मामले में ई-जीरो एफआईआर क्रमांक 422/2026 दिनांक 27 अक्टूबर 2026 प्राप्त होने के बाद पुलिस ने जांच की। 10 नवंबर को पीड़ित को थाने बुलाकर पूछताछ की गई और उसके बयान दर्ज किए गए। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

34 हजार 970 रुपए नकद और ताश पत्ते जब्त

जुए के 2 फड़ों पर पुलिस का छापा, 20 जुआरी गिरफ्तार

जबलपुर। जिले में अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कटंगी और सिहोरा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर जुए के फड़ों पर छापेमारी की। पुलिस ने कुल 20 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 34 हजार 970 रुपए नकद और ताश के 104 पत्ते जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

भूसे वाले कमरे के पास चल रहा था जुआ

कटंगी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मोहला में विपेंद्र सिंह लोधी के भूसे वाले कमरे के सामने बल्ब की रोशनी में जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर सोनू सिंह लोधी, राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र पाठक, मुकुल यादव, गोलू उर्फ देवी सिंह लोधी, धनेश जैन, अमान सिंह लोधी, अरुण कुशवाहा, निखिल गर्ग, सरदार सिंह लोधी, मगन सिंह, भूरे सिंह, विपेन्द्र सिंह लोधी, रामप्रताप गर्ग, गंभीर सिंह, देशराज सिंह और अनार सिंह लोधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 23 हजार 560 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए। सभी के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तालाब के पास जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

इसी प्रकार सिहोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोहसाम में तालाब के पास चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से 35 वर्षीय इकराम उल हक, 38 वर्षीय अब्दुल सादिक और 49 वर्षीय सफदर खान को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 11 हजार 410 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ भी धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240